RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 359 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 31 अक्टूबर 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

पेज -7 पर ओपी ने कहा मैरी कमी खोजने से रायगढ़ की समस्याएं हल ...

प्रत्याशी, राजनीतिक दल और आम जनता कर सकते है मुलाकात पेज -8 पर

## जोगी कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग पदाधिकारी से की शिकायत

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ में कुछ ही दिन बाद विधानसभा का चुनाव होने वाला है. इस बीच खबर आ रही है कि मुंगेली जिले के लोरमी से दो लोगों ने खुद को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे का प्रत्याशी बताकर नामांकन फॉर्म भरा है.

वहीं जोगी कांग्रेस ने लोरमी के मनीष त्रिपाठी नाम के व्यक्ति के खिलाफ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत की है. नाम निर्देशन में जमा किए गए फॉर्म, और फॉर्म क्क में कूटरचना करने की शिकायत की गई।

बताया जा रहा है कि लोरमी विधानसभा से जोगी कांग्रेस का अधिकृत प्रत्याशी बताते हुए सागर सिंह और मनीष त्रिपाठी ने नामांकन भरा है. इस मामले में जोगी कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग पदाधिकारी समेत कलेक्टर और एसपी को शिकायत करते हुए मनीष त्रिपाठी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है. शिकायत में दावा किया गया है कि मनीष त्रिपाठी जोगी कांग्रेस का सदस्य भी नहीं है.





जोगी कांग्रेस ने पार्टी अध्यक्ष अमित जोगी और महासचिव महेश देवांगन की फर्जी हस्ताक्षर और पार्टी की फर्जी सील उपयोग करने का भी आरोप लगाया है. इधर सागर सिंह ने दावा किया है कि जोगी कांग्रेस ने मुझे पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी बनाया है.

*Jccj के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने मनीष त्रिपाठी के खिलाफ आज फर्जी सील और साइन के बाद मुंगेली जिला निर्वाचन कार्यालय में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे पार्टी से विधानसभा लोरमी के प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने का आरोप लगाया है. इस पर मनीष त्रिपाठी ने भी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा है कि अमित जोगी की ओर से जो आरोप लगाया जा रहा है वह सरासर गलत है और अमित जोगी ने ही उन्हें फॉर्म दिया था. इसका उनके पास फोटो भी मौजूद है, जिसे उनकी ओर से मुंगेली निर्वाचन कार्यालय में जमा किया गया है. इसके बाद भी पार्टी की ओर से दिए बी फार्म को फर्जी बताया जा रहा है.*

### एक नजर

**कांग्रेस की गारंटियो पर कहा, ऐसी गारंटी 5 साल पहले भी दी थी क्या उन्हें पूरा किया**



**रायपुर।** चुनाव से पहले महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस रायपुर पहुंच गए हैं। वे सभा को संबोधित करने और दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन भरने वाले प्रत्याशियों का साथ देने आए हैं। कुछ देर में हेलीकॉप्टर से धमतरी के लिए रवाना हो जाएंगे। इससे पहले उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की बेला दिखाई दे रही है। कांग्रेस सरकार ने झूठे वादे और भ्रष्टाचार करने का काम करती है। ऐसी बघेल सरकार को छत्तीसगढ़ से विदा करने का मन जनता बना चुकी है।

भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

## ज्यादातर वही घोषणाएं हैं जो 5 साल में पूरी नहीं हुई

**कहा- कांग्रेस के गजनी भूल गए कि 5 साल पहले क्या किए थे वादे**

रायपुर। भाजपा नेता और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में प्रेस वार्ता की. इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना सधा.



देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी की घोषणाओं पर पिछले चुनाव की उनकी घोषणाओं का हवाला देते हुए कहा कि ये गजनी हो गए हैं. उन्हें भूलने की बीमारी है. 5 साल पहले जो घोषणाएं राहुल गांधी, भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव ने की थीं. उनकी क्लिपिंग दिखाते हुए फडणवीस ने सवाल किया कि इन्हें भूल गए और नई घोषणाएं कर रहे हैं. इनमें से ज्यादातर वही घोषणाएं हैं जो 5 साल में पूरी नहीं हुई. फडणवीस ने कहा कि किस प्रकार के वादे किए गए थे छत्तीसगढ़ में अभी जो राहुल गांधी और सीएम बघेल की सभाएं हो रही हैं तो उसको देखने के बाद मुझे गजनी फिल्म की याद आती है. यह पहले क्या बोले, सब भूल जाते हैं और नए सिरे से वापस झूठ बोलना शुरू करते हैं. मैं तो यह कहूंगा कि अगर झूठ का कोई ओलंपिक हो जाए तो सारे गोल्ड मेडल यही लोग ले जाएंगे. उन्होंने शराब की नीति के बारे में क्या कहा? हाथ में गंगाजल ले लेकर कहते थे कि शराब बंदी करेंगे. शराबबंदी तो छोड़ दीजिए लेकिन जिस प्रकार का शराब घोटाला छत्तीसगढ़ में हुआ है मुझे लगता है कि देश का यह भी एक नायाब अजूबा है. क्योंकि देश में सारे राज्यों ने होलोग्राम इसलिए लाया कि शराब में टैक्स की चोरी होती है और नकली शराब बेची जाती है लेकिन यहां पर तो सरकार के तत्वावधान में ही नकली होलोग्राम से 2 हजार करोड रुपए का घोटाला हो गया. यही सारा पैसा चुनाव में लग रहा है।

## गैस सिलेंडर पर मिलेगी 500 रुपये सब्सिडी- प्रियंका गांधी

**खैरागढ़।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने जालबांधा में विशाल सभा को संबोधित किया और कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगा. इस दौरान प्रियंका गांधी ने मंच से घोषणाओं की झड़ी लगा दी.

उन्होंने कई बड़ी घोषणाएं की. जिसमें सिलेंडर में सब्सिडी, बिजली बिल माफ, स्व-सहायता समूहों का कर्ज माफ जैसे ऐलान शामिल हैं.





### ये हैं घोषणाएं-

*सिलेंडर रिफिल करने पर 500 रुपये की सब्सिडी घर की महिला के बैंक खाते में दिया जाएगा.*

*200 यूनिट तक बिजली फ्री, अधिक खपत पर 200 यूनिट प्रति माह तक निःशुल्क बिजली.*

*महिला स्व-सहायता समूहों तथा सक्षम योजनांतर्गत लिए गए ऋण माफ.*

*आगामी वर्षों में 700 नवीन ग्रामीण औद्योगिक पार्कों की स्थापना.*

*राज्य के सभी सरकारी स्कूल को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश एवं हिन्दी मीडियम स्कूलों में अपग्रेड करेंगे.*

*छत्तीसगढ़ के निवासियों के सड़क दुर्घटनाओं में तथा अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत निःशुल्क इलाज.*







*परिवहन व्यवसाय से जुड़े 6,600 से अधिक वाहन मालिकों के वर्ष 2018 तक के 726 करोड़ राशि के बकाया मोटरयान कर, शास्ति और ब्याज के कर्ज की माफ.*

*राज्य के किसानों से तिवरा को भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा.*

## चुनाव नहीं लड़ेंगे पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा

**रायपुर।** धमतरी के पूर्व विधायक होरा ने आज प्रेसवार्ता में कहा कि प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा और विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत से मुलाकात के बाद उन्होंने चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया है. उन्होंने कहा, पार्टी में गुटबाजी के शिकार नहीं होते हैं और होते भी हैं तो थोड़ी तकलीफ होती है, उस तकलीफ को सहना भी चाहिए. चरणदास मंहत मेरे वरिष्ठ है उनका सहयोग और प्रेम बना हुआ है, उन्हीं की समझाइश है कि हमें चुनाव नहीं लड़ना चाहिए.

### सर्वे रिपोर्ट में मेरा नाम नंबर वन पर



गुरुमुख सिंह होरा ने कहा, सर्वे रिपोर्ट में मेरा नाम नंबर वन पर रहा है. चरणदास महंत, टीएस बाबा और कुमारी शैलजा के बोलने पर मैंने नामांकन फार्म वापस ले लिया है. पिछले 40 साल से कांग्रेस का सिपाही हूं. वरिष्ठ नेताओं ने काफी सोच विचार करके यह निर्णय लिया है. उन्होंने कहा कि कारण आप सब समझते हैं. किसी सामाजिक गतिविधियों के अर्जेस्टमेंट करने हैं, वो भी एक कारण है. सिंधी समाज को लेकर होरा ने कहा कि सब मैनेज होगा, कार्यवाही हो रही है. जो विद्रोह था वो सीएम भूपेश बघेल के नेतृत्व में सब सही हो गया है.

## मैनें कभी गंगाजल लेकर कसम नहीं खाई-सिंहदेव

**रायपुर।** शराबबंदी का वादा कर कांग्रेस द्वारा गंगाजल की झूठी कसम वाले बीजेपी के आरोप को लेकर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि गंगाजल लेकर किस चीज पर शपथ खाई थी? मैनें आज तक कभी गंगाजल लेकर कसम नहीं खाई. शराबबंदी को लेकर गंगाजल की कसम नहीं खाई गई थी. एक वाक्या हुआ था जब कसम खाई गई थी, क्या हुआ था मुझे याद नहीं क्योंकि उस वक्त मैं मौजूद नहीं था. बीजेपी के आरोप आम जनता को परेशान कर रहे राहुल गांधी पर डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि किसानों ने राहुल गांधी को खुलकर अपनी बातें बताई. राहुल गांधी ने किसानों से भाव पूछा, उन्होंने सभी बातें साझा की. किसानो ने बताया कि अब वे कर्ज से मुक्त हैं. उनके पास कोई कर्ज नहीं है. धान के सही दाम उन्हें मिल रहे हैं. प्रियंका गांधी के दौरे और उनके द्वारा संभावित घोषणाओं पर सिंहदेव ने कहा कि हम एक सोच को लेकर चल रहे हैं. लोगों को घोषणा पत्र का इंजतार है. पिछले चुनाव में भी हमने घोषणाएं की थी, एक-एक कर हाईकमान से अनुमति लेकर घोषणाएं की जाएंगी.





बिलासपुर में गरजीं प्रियंका गांधी

## ऐसी राजनीति को नकारो जो आपको तोड़ती हो-प्रियंका

**छत्तीसगढ़ सरकार ने आपको केंद्र के कुशासन से बचाया है, सोच समझकर और जागरुक हो कर अपना मत दें**

**बिलासपुर.** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने आज बिलासपुर के पुलिस ग्राउंड में विशाल जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने बिलासपुर जिले के सभी 6 प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाया. इसके बाद कांग्रेस का थीम सॉन्ग लॉन्च किया गया. भाषण की शुरुआत में प्रियंका गांधी ने माहात्मा गांधी के बिलासपुर प्रवास को याद किया. इसके साथ ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की शहादत को याद किया. उन्होंने कहा कि इन शहादतों के बाद भी हमारी देश के प्रति आस्था नहीं टूटी. प्रियंका ने कहा कि आपके देश में आज क्या हो रहा है, प्रदेश में क्या हो रहा है, ये सब सोचने समझने के बाद ही वोट करें. जिस दल को आप अपना मत दे रहे हैं उन्हें समझिए और



उसके बाद जागरुकता के साथ वोट दें. छत्तीसगढ़ में जो सरकार है, उसनें आपको केंद्र के कुशासन से आपको बचाया है. प्रियंका ने कहा कि जनता सरकार से एक उम्मीद रखती है, उस उम्मीद को पूरा करना सरकार की जवाबदारी है. हमारे अधिकार-कर्मचारी सालों साल अपनी सेवाएं देते हैं और बदले में क्या मांगते हैं, पुरानी पेंशन योजना और ये कोई बहुत बड़ी मांग भी नहीं है, आपको और मांगना चाहिए और उसे पूरा करना सरकार का दायित्व है. उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव आएगा दो चार बात कर लेंगे, धर्म का मुद्दा उठा देंगे हमारी सरकार बन जाएगी, मौज हो जाएगी. तो ऐसे नेताओं को वोट देने से बचिए. क्या आपने सोचा था कि जो आप अवारा पशुओं से परेशान थे उसे इस तरह से सुलझाया जाएगा कि आपको आगे परेशानी नहीं होगी, आपने सोचा था कि कभी आपसे गोबर खरीदा जाएगा, क्या आपने सोचा था कि आपको एक ऐसी सरकार मिलेगी जो आपकी हर छोटी-बड़ी समस्या को समझेगी और उसे सुलझाएगी.

## भाजपा प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन कर किया नामांकन दाखिल

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन रायपुर जिले के 7 विधानसभा सीटों से भाजपा प्रत्याशियों ने एक साथ पत्र दाखिल किया.





इस दौरान नामांकन रैली के बहाने बीजेपी ने शक्ति प्रदर्शन किया और कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर भाजपा के सातों प्रत्याशी नामांकन भरे.

रायपुर जिले के 7 विधानसभा सीटों भाजपा प्रत्याशी में रायपुर दक्षिण से बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम से राजेश मूणत, रायपुर उत्तर से पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण से मोतीलाल साहू, धरसीवा से अनुज शर्मा, आरंग से खूसवंत साहेब, अभनपुर से इंद्र कुमार साहू हैं.

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि माफिया राज, भ्रष्टाचार, जंगलराज से छत्तीसगढ़ की जनता त्रस्त हो गई है। रायपुर की जनता धूल से चाकूबाजी से हताश हो गई है। जनता बदलेगी, कमल फूल खिलाएगी। राज्य में फिर से विकास होगा।

वहीं रायपुर पश्चिम से बीजेपी प्रत्याशी राजेश मूणत ने कहा कि कांग्रेस सरकार को चिंता ये है कि पांच साल में जनता के लिए कुछ नहीं किए, अब जनता दोबारा उनको क्या मौका देगी।

### नामांकन रैली में उमड़ी भीड़

नामांकन रैली में बड़ी भीड़ जुटाई गई। रायपुर संभाग की सभी सीटों पर भाजपा राज लाने की कवायद होती दिखी।भारतीय जनता पार्टी की इस नामांकन रैली में राजेश मूणत, दक्षिण के उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर ग्रामीण के मोतीलाल साहू, उत्तर से पुरंदर मिश्रा, आरंग से खुशवंत साहब, बलौदा बाजार के टंक राम वर्मा और रायपुर धरसींवा के प्रत्याशी अनुज शर्मा को शामिल किया गया था।

### ट्रैफिक जाम से लोग परेशान

भारतीय जनता पार्टी ने रायपुर में इस बड़ी रैली का आयोजन तो कर दिया मगर इसकी वजह से लोग परेशान होते रहे। शारदा चौक, तत्यापारा चौक, घड़ी चौक, जयस्तंभ चौक मेकाहारा चौक, एकात्म परिसर जैसे इलाकों में ट्रैफिक जाम के हालात बने रहे। कुछ जगहों पर एंबुलेंस भी फंसी नजर आई जिसे निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। ट्रैफिक पुलिस के जवान भी स्थिति को संभाल नहीं पाए और लोग परेशान होते रहे।

### मोहल्ले के लोगों के साथ निकले मूणत

***रायपुर पश्चिम के प्रत्याशी राजेश मूणत मोहल्ले के महिलाओं बुजुर्गों के साथ निकले। कार्यकर्ताओं का जत्था मूणत के साथ था। रास्ते में दिखने वाले मंदिरों में माथा देखते हुए राजेश आगे बढ़े। भाजपा कार्यालय के पास उनके भी समर्थक पहुंचे और रैली आगे बढ़ी।***

# आर्थिक उम्मीदों के बावजूद मुद्रास्फीति और रोजगार से जुड़ी चिंताओं की अनदेखी ठीक नहीं

*भारत जैसे जटिल देश में स्याह या सफेद जैसे दोहरे विकल्पों में फंसने का मतलब है मुद्दे से भटक जाना। हमारे जेहन में सबसे ऊपर एक सवाल है-भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति। भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति कैसी है? इसका उत्तर इस पर निर्भर करता है कि आप इसे किस संदर्भ में देख रहे हैं। देश में विलासिता की वस्तुओं का बाजार फल-फूल रहा है!*

ग्लोबल कंसल्टेंसी किर्नी और लक्सासिया की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, एशिया प्रशांत क्षेत्र में दक्षिण पूर्व एशिया और भारत के विलासिता की वस्तुओं के सबसे आकर्षक बाजार बनने की उम्मीद है। दक्षिण पूर्व एशिया और भारत इस क्षेत्र में अगली प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं, जो 2026 तक 7.6 अरब डॉलर की बाजार क्षमता तक पहुंच जाएगा, और 10 वर्षों के भीतर आकार में लगभग तीन गुना हो जाएगा। वाणिज्यिक अखबारों का कहना है कि देश में महंगी कारों के ग्राहक युवा हैं, जो तेजी से उच्च गुणवत्ता वाली, परिष्कृत मॉडल की कारें खरीदना पसंद कर रहे हैं। भारत में विभिन्न ब्रांडों की महंगी कार खरीदने वालों की औसत आयु अब 30 वर्ष के आसपास है। खरीदार अक्सर प्रगतिशील पेशेवर और स्टार्ट-अप के संस्थापक होते हैं। लक्जरी कार निर्माता कंपनी मर्सिडीज बेंज अपनी सुपर लक्जरी और परफॉर्मेंस कारों, जैसे स्थानीय रूप से असेंबल की गई एस-क्लास, मेबैक और एएमजी की मांग में वृद्धि देख रही है। इस साल की पहली छमाही में देश में महंगी स्विस घड़ियों का आयात एक साल पहले की तुलना में 21 फीसदी बढ़कर 9.85 करोड़ स्विस फ्रैंक या 933 करोड़ रुपये को पार कर गया। द स्वैच ग्रुप के स्वामित्व वाली कंपनी ब्रांड-राडो-उस लहर पर सवार होना चाहती है। कंपनी ने अधिक महिला लक्जरी खरीदारों को आकर्षित करने के लिए हाल ही में बॉलीवुड स्टार और ब्रांड एंबेसडर कैटरीना कैफ के साथ अनुबंध किया है। लगभग 30 ब्रांड बुटीक के साथ भारत में इसकी मौजूदगी और राजस्व, दोनों में वृद्धि हो रही है। यह सब निर्विवाद रूप से वर्ष 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वास्तविकता का एक हिस्सा है।



**देश में विलासिता की वस्तुओं का बाजार फल-फूल रहा है! ग्लोबल कंसल्टेंसी किर्नी और लक्सासिया की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, एशिया प्रशांत क्षेत्र में दक्षिण पूर्व एशिया और भारत के विलासिता की वस्तुओं के सबसे आकर्षक बाजार बनने की उम्मीद है।**

लेकिन यह हमें आम भारतीयों के जीवन के बारे में कुछ नहीं बताता है। यकीनन, हालिया मीडिया रिपोर्टें त्योहारी सीजन के दौरान उपभोक्ता खर्च में वृद्धि की ओर इशारा करती हैं। कार, टीवी, मोबाइल फोन, आभूषण, सौंदर्य प्रसाधन, चॉकलेट और शराब की बिक्री बढ़ गई है। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि खपत में वृद्धि का एक प्रमुख कारण परिवारों द्वारा बढ़ती उधारी है। विशेषज्ञ बताते हैं कि बैंक ऋण बकाया के आंकड़ों से पता चलता है कि व्यक्तिगत ऋण एक साल पहले की तुलना में 30 प्रतिशत बढ़ गया है। अधिकांश बढ़ोतरी आवास ऋण में हुई है, लेकिन क्रेडिट कार्ड बकाया में वृद्धि सहित अन्य ऋण में वृद्धि भी मजबूत रही है। हमारे देश में युवाओं की आबादी सबसे ज्यादा है, लेकिन रोजगार की क्या स्थिति है, इस पर भी गौर करना प्रासंगिक होगा। बंगलूरू स्थित अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की एक रिपोर्ट- 'स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया 2023 = सोशल आइडेंटिटीज ऍंड लेबर मार्केट आउटकम' के अनुसार, 25 वर्ष से कम आयु के लगभग 42 फीसदी स्नातक कोविड-19 महामारी के बाद बेरोजगार रहे, जबकि वैश्विक आर्थिक मंदी के बाद रोजगार सृजन की गति कम हो गई। विश्व बैंक की भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रमुख अर्धवार्षिक रिपोर्ट- 'इंडिया डेवलपमेंट अपडेट' अर्थव्यवस्था से संबंधित समग्र आशावाद को उजागर करते हुए चिंता के कुछ क्षेत्रों को चिह्नित करती है। विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वास्तविक ग्रामीण मजदूरी स्थिर हो रही है और महिलाओं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुषों के लिए नौकरियां घटती जा रही हैं।

शहरी श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में इस वर्ष थोड़ा सुधार हुआ है। हालांकि, महिलाओं के लिए डब्ल्यूपीआर में वृद्धि मुख्य रूप से अवैतनिक कार्यों में महिलाओं की हिस्सेदारी में वृद्धि से प्रेरित है। आने वाले महीनों में त्योहारी खर्च और उसके बाद अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर सरकारी खर्च से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का प्रभाव भी है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था को लंबे समय तक बुरी तरह से प्रभावित कर सकता है, हालांकि भारत कई अन्य देशों की तुलना में ज्यादा लचीला रहा है। प्रतिकूल वैश्विक वातावरण अल्पावधि में चुनौतियां पैदा करता रहेगा। उच्च वैश्विक ब्याज दरें, भू-राजनीतिक तनाव और सुस्त वैश्विक मांग के कारण मध्यम अवधि में वैश्विक आर्थिक विकास का धीमा होना तय है। कंसल्टेंसी फर्म डेलॉइट की हालिया रिपोर्ट में बताया गया है, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी से निपटना निस्संदेह आसान नहीं होगा। भारत को अपने विकास को गति देने के लिए अपनी घरेलू मांग, विशेष रूप से निजी उपभोग और निवेश खर्च पर निर्भर रहना होगा। निजी उपभोग के मोर्चे पर भारत के पक्ष में जो बात काम करती है, वह है इसके उपभोक्ता आधार का आकार, बढ़ती आय और इसकी युवा आबादी की आकांक्षाएं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है।

**पत्रलेखा चटर्जी**

## संपादकीय

### कांटे की जमीनी लड़ाई!


यों उम्मीदवारों की पूरी लिस्ट घोषित नहीं हुई है लेकिन जितनी हुई है और जमीनी तौर पर जैसा माहौल बना दिख रहा है उससे चुनावी लड़ाई कांटे की है। जीत-हार का फैसला उम्मीदवार के खुद के दमखम और मौजूदा विधायक के पक्ष या विरोधी लोकल माहौल से होगा। फिर जातीय समीकरण कुछ काम करेंगे तो प्रादेशिक नेतृत्व को लेकर बनी धारणा से भी मतदाताओं का मन बना या बिगड़ा हुआ होगा। और मेरा मानना है कि जमीनी सच्चाई को बूझ कर ही मोदी-शाह-नड्डा (पहली लिस्ट के बाद) ने और कांग्रेस हाईकमान ने (शुरुआती लिस्ट से ही) उम्मीदवारों के फैसले ठोक-बजाकर किए हैं। प्रयोग नहीं किए और प्रयोग करने का जो इरादा था उसे मोदी-शाह ने पहली लिस्ट के बाद बदल दिया।

सबसे बड़ी बात कांग्रेस की एआईसीसी मशीनरी का चुस्त दिखना है। वह पहले जैसी अराजक, ढीली-लापरवाह नहीं दिखी। उधर भाजपा में मोदी-शाह-नड्डा हर तरह की सख्ती व सावधानी बरतते हुए। कांग्रेस ने भूपेश बघेल, कमलनाथ और अशोक गहलोत पर सब कुछ छोड़ा हुआ है बावजूद इसके दिल्ली में एआईसीसी ने अपने सर्वे तथा जमीनी हकीकत का हवाला देते हुए एक-एक उम्मीदवार पर विचार किया। उम्मीदवारों को ले कर क्षत्रपों से गांरटी ली। राजस्थान की पूरी लिस्ट अभी घोषित नहीं है लेकिन मोटा मोटी कह सकते हैं कि छतीसगढ़-मध्य प्रदेश में कांग्रेस के उम्मीदवार सॉलिड हैं। कांग्रेसी टिकटार्थियों का विद्रोह न्यूनतम है। उधर भाजपा की पहली लिस्ट में जरूर चौंकाने वाले और ऊपर से तय हुए नाम थे। मगर बाद की सूचियों में पुराने ढर्रे और पुराने चेहरे रिपीट हैं। इसलिए भाजपा में बागी उम्मीदवारों की संख्या अधिक होती लगती है। ऐसा कमलनाथ-दिग्विजय सिंह ने नहीं होने दिया। भाजपा के चेहरे देख कर इन्होंने ऐन वक्त उम्मीदवार बदले।

# सांस्कृतिक पुनर्जागरण का वातावरण संपूर्ण भारतवर्ष में दिखायी देने लगा है

दुर्भाग्य से हमारी राजनीति में भी कुछ दल ऐसे भी हैं, जिनके लिए वोट की राजनीति ही सबकुछ है। चूँकि लोकतंत्र में जनता का समर्थन चाहिए होता है, इसलिए ये राजनीतिक दल समाज को टुकड़ों-टुकड़ों में बाँटकर अपना पक्ष मजबूत करने के प्रयत्न कर रहे हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की परंपरा में विजयादशमी के उत्सव पर सरसंघचालक के उद्बोधन का विशेष महत्व है। विजयादशमी हिन्दुओं का बड़ा सामाजिक उत्सव होने के साथ ही संघ की स्थापना का उत्सव भी है। इस उत्सव में सरसंघचालक जी का जो उद्बोधन होता है, उसमें स्वयंसेवकों के लिए पाथेय रहता है। इसके साथ ही उनके भाषण में समसामयिक मुद्दों को लेकर समाज की सज्जन शक्ति के लिए भी संदेश रहता है। चूँकि आज संघ पर सबकी निगाहें रहती हैं और विभिन्न विषयों को लेकर संघ के दृष्टिकोण को जानने की भी अपेक्षा रहती है, इसलिए भी विजयादशमी पर होने वाले सरसंघचालक के उद्बोधन को लेकर सबको विशेष उत्सुकता रहती है। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने अपने उद्बोधन में सब प्रकार की बातों को ध्यान रखा। उन सब मुद्दों पर संघ का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया, जिन पर देशभर में चर्चाएं चल रही हैं। विजय का पर्व है, इसलिए देशवासियों के मन में उत्साह का संचार हो इसलिए उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरुआत भारत की उपलब्धियों के साथ ही की। वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती, छत्रपति शिवाजी महाराज के हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना के 350वें वर्ष, छत्रपति शाहू जी महाराज की 150वीं जयंती और संत श्रीमद् रामलिंग वल्ललार की 200वीं जयंती का उल्लेख करके उन्होंने यही संदेश दिया है कि अमृतकाल में जब हम भारत के 'स्व' के जागरण का उपक्रम कर



रहे हैं, तब हमें ऐसी महान विभूतियों के जीवन से अवश्य ही प्रेरणा लेनी चाहिए। एक सामर्थ्यशाली राष्ट्र के निर्माण के लिए व्यवहार से लेकर व्यवसाय में और व्यक्ति से लेकर राष्ट्र की नीति में, 'स्व' दिखना चाहिए। देश एक करवट ले रहा है। सांस्कृतिक पुनर्जागरण का एक वातावरण भारत में दिखायी देने लगा है। अमृतकाल को अवसर मानकर एक बार फिर भारत अपने 'स्व' की ओर बढ़ रहा है। विश्व पटल पर भी अब भारत अपने 'स्व' के साथ अभिव्यक्त हो रहा है। इसके प्रमाण स्वरूप सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने 'जी-20 समूह' पर भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की छाप को उल्लेखित किया। यह तो स्पष्ट ही दिखायी देता है कि भारत की अध्यक्षता में विश्व के सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के समूह का दृष्टिकोण ही बदल गया। यह समूह अब तक अर्थ को केंद्र में रखकर दुनिया का विचार करता था, लेकिन अब इसका केंद्र बिन्दु मानव हो गया है। निःसंदेह, सरसंघचालक जी ने ठीक ही कहा कि 卐भारत के विशिष्ट विचार एवं दृष्टि के कारण संपूर्ण विश्व के चिंतन में वसुधैव कुटुम्बकम् की दिशा जुड़ गई। जी-20 का अर्थकेन्द्रित विचार अब मानव केन्द्रित हो गया। जी-20 समूह की अध्यक्षता की ऐतिहासिक घटना का उल्लेख उन्होंने संभवतः इसलिए भी किया होगा, ताकि हम भारत के बढ़ते सामर्थ्य एवं गौरव की अनुभूति कराने वाली इस घटना को भूल न जाएं।

देश की प्रगति को बाधित करने के प्रयत्नों में लगी शक्तियों की ओर भी समाज की सज्जनशक्ति का ध्यान आकर्षित कराने का प्रयास सरसंघचालक जी ने किया। उनके द्वारा उठाए गए ये प्रश्न विचारणीय हैं कि लगभग एक दशक से शांत मणिपुर में अचानक यह आपसी फूट की आग कैसे लग गई? क्या हिंसा करने वाले लोगों में सीमापार के अतिवादी भी थे? अपने अस्तित्व एवं भविष्य के प्रति आशंकित मणिपुरी मैतेयी समाज और कुकी समाज के इस आपसी संघर्ष को सांप्रदायिक रूप देने का प्रयास क्यों और किसके द्वारा हुआ? वर्षों से वहाँ पर सबकी समदृष्टि से सेवा करने में लगे संघ जैसे संगठन को बिना कारण इसमें घसीटने का प्रयास करने में किसका निहित स्वार्थ है? इस सीमा क्षेत्र में नागाभूमि व मिजोरम के बीच स्थित मणिपुर में ऐसी अशांति व अस्थिरता का लाभ प्राप्त करने में किन विदेशी सत्ताओं को रुचि हो सकती है? क्या इन घटनाओं का कारण परंपराओं में दक्षिण पूर्व एशिया की भू- राजनीति की भी कोई भूमिका है? देश में मजबूत सरकार के होते हुए भी यह हिंसा किन के बलबूते इतने दिन बेरोकटोक चलती रही है? गत 9 वर्षों से चल रही शान्ति की स्थिति को बरकरार रखना चाहने वाली राज्य सरकार होकर भी यह हिंसा क्यों भड़की और चलती रही? आज की स्थिति में जब संघर्षरत दोनों पक्षों के लोग शांति चाह रहे हैं, उस दिशा में कोई सकारात्मक कदम उठता हुआ दिखते ही कोई हादसा करवा कर, फिर से विद्वेष एवं हिंसा भड़काने वाली ताकतें कौन सी हैं? ये प्रश्न ऐसे हैं, जो भारत के प्रति भक्ति का भाव रखनेवाले प्रत्येक भारतीय नागरिक के मन में पहले दिन से उठ रहे हैं। वह भी इन प्रश्नों के उत्तर खोज रहा है।

## मिला जुला



### केरल सीरियल ब्लास्ट में बढ़कर 3 हुई मरने वालों की संख्या, सीएम विजयन ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

**तिरुवंतपुर।** केरल राज्य में ईसाई प्रार्थना कार्यक्रम के दौरान कम से कम तीन बम धमाकों में मरने वालों की संख्या अब तीन हो गई है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि सीरियल धमाकों में पांच की हालत बेहद गंभीर है। अस्पताल में इलाज के दौरान 12 वर्षीय लड़की की मौत हो गई। इस हादसे में कम से कम 32 लोग घायल बताए जा रहे हैं। उधर, सीएम विजयन ने आज इस मामले में ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई है।

केरल के एर्नाकुलम जिले में ईसाई प्रार्थना सभा के दौरान बम धमाकों ने अब तक तीन लोगों की जान ले ली है।

मलयट्टूर की रहने वाली लिबिना के रूप में पहचानी जाने वाली 12 वर्षीय पीड़िता ने सोमवार तड़के कलामासेरी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। अस्पताल के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि लड़की को रविवार सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था, उसके शरीर का 95 प्रतिशत हिस्सा गंभीर रूप से जल गया था। इसमें कहा गया है कि वेंटिलेटर सपोर्ट मिलने के बावजूद उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई, जिससे देर रात 12.40 बजे उनकी मृत्यु हो गई।

### इजरायल के निशाने पर गाजा के अस्पताल? इजरायली सेना ने दागे गोले

**तेल अवीव।** इजरायल-हमास के बीच आज युद्ध का 23वां दिन है. एक तरफ इजरायली सेना हमास पर हमला कर रही है. वहीं दूसरी तरफ लेबनान के चरमपंथी संगठन हिजबुल्लाह के खिलाफ भी ताबड़तोड़ एयर स्ट्राइक कर रही है. 2.3 मिलियन लोगों की आबादी वाले गाजा पट्टी में चिकित्सा अधिकारियों ने रविवार को कहा कि 3,324 नाबालिगों सहित 8,005 लोग मारे गए हैं. इस बीच इजरायली सेना गाजा पट्टी के उत्तरी हिस्से में पहुंच चुकी है, जहां उसका दावा है कि हमास के लड़ाके वहीं ठिकाने बनाकर छिपे हुए हैं. सोमवार की सुबह-सुबह उत्तरी गाजा में दो प्रमुख अस्पतालों के आसपास फिलिस्तीनियों को इजरायल के हवाई और ग्राउंड अटैक का सामना करना पड़ा। इजरायली सेना टैंकों के साथ गाजा पट्टी के क्षेत्रों में जमीन पर उतर चुकी




है. वहीं फिलिस्तीन के आम लोगों की सुरक्षा को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार चिंता जाहिर की जा रही है. फिलिस्तीनी मीडिया ने कहा कि इजरायली हवाई हमलों ने गाजा शहर के शिफा और अल-कुद्स अस्पतालों के पास के इलाकों को निशाना बनाया और एन्क्लेव के दक्षिण में खान यूनिस शहर के पूर्व में एक सीमा क्षेत्र में फिलिस्तीनी आतंकवादी इजरायली बलों के साथ भिड़ गए।

### शराब घोटाला

# मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से झटका, नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली।** शराब घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से जमानत नहीं मिली है. सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि इस मामले में 338 करोड़ रुपये की मनी ट्रेल अस्थायी रूप से साबित हुई हो गई है. साथ ही कहा कि 6 से 8 महीने में ट्रायल पूरा हो. अगर 6 से 8 महीने में ट्रायल पूरा नहीं होता, तो मनीष सिसोदिया दोबारा जमानत की याचिका दाखिल कर सकते हैं. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी ने हमारे ज्यादातर सवालों का उचित जवाब नहीं दिया.

सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस. वी. एन भट्टी की पीठ ने यह फैसला सुनाया है. पीठ ने दोनों याचिकाओं पर 17 अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. कोर्ट ने 17 अक्टूबर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कहा था कि अगर दिल्ली आबकारी नीति में बदलाव के लिए कथित तौर पर दी गई रिश्वत 'अपराध से आय' का हिस्सा नहीं है, तो संघीय एजेंसी के लिए सिसोदिया के खिलाफ धनशोधन का आरोप साबित करना कठिन होगा. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आबकारी नीति 'घोटाले' में कथित भूमिका को लेकर सिसोदिया को 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था. वह, उस समय से हिरासत में हैं. ईडी ने सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित धनशोधन मामले में नौ मार्च को तिहाड़ जेल में पूछताछ के बाद सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया था. सिसोदिया ने 28 फरवरी को दिल्ली मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था. उच्च न्यायालय ने 30 मई को सीबीआई मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि उपमुख्यमंत्री और आबकारी मंत्री के पद पर रहने के नाते, वह एक 'प्रभावशाली' व्यक्ति हैं तथा वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं. उच्च न्यायालय ने धनशोधन मामले में तीन जुलाई को उन्हें जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि उनके खिलाफ आरोप 'बहुत गंभीर प्रकृति' के हैं।



**अब तक की कहानी**

नवंबर 2021- दिल्ली सरकार की नई शराब नीति, जिसमें शराब की बिक्री के तरीकों में ज़बरदस्त बदलाव.
जुलाई 2022- गड़बड़ियों को लेकर दिल्ली के राज्यपाल की ष्ब्ङ्क जांच की सिफ़ारिश के बाद क्सरकार ने आबकारी नीति वापस ली.
अगस्त 2022- गड़बड़ियों को लेकर ष्ब्ङ्क ने आपराधिक साज़िश और करप्शन के मामले में स्न्ङ्कदर्ज की. मनीष सिसोदिया और 14 अन्य लोगों को आरोपी बनाया.
आरोपियों में आप के संचार प्रभारी विजय नायर, हैदराबाद के कारोबारी अभिषेक बोइनपल्ली, शराब कारोबारी समीर महेंद्रु, एक्साइज विभाग के पूर्व अधिकारीकुलदीप सिंह और नरेंद्रसिंह और एम गौतम और अरुण रामचंद्रपिल्लई.
नवंबर 2022-सीबीआई ने 7 लोगों के ख़िलाफ चार्जशीट दाखिल की जिनमें बिचौलिए और शराब कारोबारी भी थे.
दिसंबर 2022- दिल्ली की अदालत ने सात लोगों के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कहा कि इस मामले में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त आधार पाए गए हैं.
8 फ़रवरी 2023- तेलंगाना के मुख्यमंत्री की बेटी के कविता के पूर्व CA बुचीबाबू गोरंतला को CBI ने गिरफ़्तार किया. FIR में जिन लोगों के नाम थे, उनमें से कुछ के साथ बाबू ने मुलाकात की, दक्षिण की लॉबी के साथ बातचीत करने वालों में एक अहम नाम.
19 फ़रवरी 2023- CBI ने मनीष सिसोदिया को समन किया लेकिन उन्होने बजट का हवाला देकर मजबूरी जताई.
26 फ़रवरी 2023- CBI ने मनीष सिसोदिया को गिरफ़्तार किया.
ईडी का धन शोधन मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी पर आधारित है. सीबीआई और ईडी के अनुसार, दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया.

### एक नजर

#### इजरायली विमान पहुंचा रूस तो फिलिस्तीन समर्थकों ने एयरपोर्ट पर बोला धावा, यहूदियों की करने लगे तलाश




मॉस्को। रूस की विमानन एजेंसी ने दागेस्तान के मुख्य हवाईअड्डे को रविवार को बंद कर दिया और उड़ानों का मार्ग बदल दिया. इसका कारण था कि इजरायल से एक विमान के आने की खबर मिलने के बाद फिलिस्तीन समर्थकों की भीड़ ने इजरायली नागरिकों की तलाश में वहां पर धावा बोल दिया था. रूसी मीडिया ने कहा कि मखाचकाला हवाईअड्डे के ट्रैफिक एरिया में एक भीड़ के घुसने के बाद हवाईअड्डे को आने और जाने वाली उड़ानों के लिए अस्थायी रूप से बंद करने का फैसला लिया गया. इस घटना की खबर मिलने के बाद सुरक्षा बल वहां पहुंच गए हैं. रूस की सरकारी मीडिया इजवेस्तिया और आरटी के मुताबिक कथित तौर पर यह खबर फैलने के बाद कि इजरायल से एक शख्स आया है, कई दर्जन लोग हवाई अड्डे और रनवे पर आ गए. टेलीग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो में लोगों की भीड़ को बैरियर को पार करते हुए हवाईअड्डे से निकलने वाली और हवाईअड्डे में आने वाली कारों पर कब्जा करते हुए दिखाया गया है. एक वीडियो में एक शख्स को दिखाया गया, जो रूसी रेड विंग्स कंपनी के विमान के पंख पर चढ़ गया था. फ्लाइटरडार वेबसाइट के मुताबिक तेल अवीव से आने वाली रेड विंग्स फ्लाइट स्थानीय समय के मुताबिक शाम 7 बजे मखचकाला में उतरी थी. रूसी मीडिया के मुताबिक उड़ान को मॉस्को के लिए उड़ान भरने से पहले माखचकाला में थोड़ी देर के लिए ठहरना था।

# सिदावण्ड की दिव्यांग फुलकुंवर ने पहली बार किया मतदान

## जिले के कुल 178 लोगों को घर पर मतदान की दी जा रही सुविधाएं

**कोण्डागांव।** भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां हर व्यस्क को अपने मत से सरकार बनाने का अधिकार प्राप्त है। इस अधिकार के उपयोग के लिए युवा लालायित रहते हैं। ऐसे ही अपने मतों के अधिकार के उपयोग के लिए लालायित सिदावंड की फुलकुंवर नेताम को 35 वर्ष की उम्र में पहली बार वोट देने का अवसर मिला। दरअसल फुलकुंवर नेताम बचपन से ही अज्ञात बीमारी के कारण चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ हो गई थी। चुनावों के दौरान लगने वाली लंबी लाईनों से बचाने के लिए परिजन भी फुलकुंवर भी मतदान केन्द्र ले जाने में परहेज करते थे।

फुलकुंवर के वोट देने की इच्छा इस विधानसभा चुनाव 2023 में जाकर पूरी हुई, जब भारत निर्वाचन आयोग ने ऐसे दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए घर में ही मतदान करवाने की व्यवस्था की। इसके लिए घर में ही मत देने के इच्छुक मतदाताओं से आवेदन लिए गए थे। कोण्डागांव जिले के सिदावंड गांव में मतदान दल के शुक्रवार को पहुंचने की जानकारी पहले ही दे दी गई थी। मतदान दल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान दल पहुंचा और घर में ही मतदान की सुविधा प्रदान की। मतदान कर फुलकुंवर बहुत खुश थी।





### बड़ेकनेरा की वयोवृद्धा पीते पोयाम ने किया मतदान

बड़ेकनेरा की पीते पोयाम वर्षों से अपने बिस्तर से उठ पाने एवं बोलने में असमर्थ रहीं हैं। घर पर अकेली रहने वाली 82 वर्षीया पीते की सेवा उनकी व्याहता बेटी एवं दामाद किया करते है। मतदान केंद्र तक जाने की असक्षमता के कारण वह मतदान नहीं कर पाती थी। इस बार मतदान अधिकारी जब घर पहुंचे तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि मतदान केंद्र खुद उनके पास चलकर आया है। पीते बहुत खुश थीं उन्होंने दामाद की सहायता से मतदान की प्रक्रिया पूरी की।

### जिले में डाकमत पत्र हेतु 12 दलों का किया गया गठन

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में मतदान केंद्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ दिव्यांगों एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं हेतु डाकमत पत्र की व्यवस्था की गई है। जिसके लिए दोनों विधानसभाओं मोबाइल मतदान दलों का गठन कर घर-घर जाकर मतदान कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत कोण्डागांव विधानसभा में 05, नारायणपुर विधानसभा (आंशिक) में 01 एवं केशकाल विधानसभा में 06 दलों को नियुक्त किया गया है। जिसमें घर घर किये गए विशेष संक्षिप्त सर्वेक्षण में बीएलओ द्वारा चिन्हित कुल 178 मतदाताओं को डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिसमे कोण्डागांव विधानसभा-83 में 82, नारायणपुर विधानसभा-84 (आंशिक) में 02 एवं केशकाल विधानसभा-82 के 94 मतदाता शामिल हैं। जिसमें 36 दिव्यांग एवं 140 मतदाता 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के शामिल हैं।





*जगदलपुर। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र हेतु प्रेक्षक श्री सुब्रत गुप्ता और श्री आर एच ठाकरे की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हितेश बघेल, तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी और निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।*

# मतदान कर्मियों को दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण



**कोण्डागांव।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान कर्मियों की द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक सोनी ने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में दिव्यांग, नारी शक्ति और सभी मतदान कर्मी उत्साह के साथ मतदान करवाएं। उन्होंने कहा कि इस पर्व में मतदान कर्मी के रूप में सहभागिता निभाने का एक सुनहरा अवसर मिला है। नारी शक्ति द्वारा संचालित संगवारी मतदान केंद्र, दिव्यांग और युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित मतदान केंद्रों पर विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे, इसलिए इन मतदान केंद्रों के मतदान कार्मिक बेहतर तरीके से निर्वाचन सम्पन्न करने के लिए प्रशिक्षण के सभी पहलुओं को समझें। श्री सोनी ने सभी मतदान कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए बिना विघ्न के मतदान सम्पन्न करवाने कहा।

उन्होंने इस दौरान मतदान कर्मियों के द्वारा डाकमत से मतदान करने की गतिविधि का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कावेरी मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कवर्धा शहर के विभिन्न वार्डों में जाकर दिया जाएगा मतदान करने का संदेश

**कवर्धा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे की अगुवाही में आज सुबह प्रशानिक अधिकारी-कर्मचारी और स्कूली बच्चों द्वारा कबीरधाम जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता साईकिल रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता रैली में मतदाता जागरूकता की स्लोगन,नारे और मतदाता जागरूकता की गाने के साथ शतप्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। बता दे कि कबीरधाम जिले के कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में मतदान आगामी 7 नवम्बर 2023 को होगा। मतदान का समय सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे निर्धारित है। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज जिला स्तरीय रैली का आयोजन किया गया जो कलेक्टर कार्यलय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख चौक चौराहा से होते हुए और लोगो को मतदान करने के लिए प्ररित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री संदीप कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में रैली का आयोजन किया गया। ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ आम निर्वाचन 2023 के लिए कबीरधाम ज़िले के दोनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-71 पंडरिया एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-72 कवर्धा में प्रथम चरण पर 7 नवंबर को मतदान होना है। जिले में शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो तक लोगों को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने एवं मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। स्वीप के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक मुनादी स्कूली बच्चों की रैली जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से लोकतंत्र के महापर्व में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने विभिन्न प्रयास जिला निर्वाचन कार्यलय द्वारा किया जा रहा है।

# चुनाव कराने पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**कोरबा ।** आसन्न विधानसभा चुनाव जिले में भय मुक्त वातावरण निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने प्रशासन व पुलिस की तैयारियां पूर्ण है। प्रदेश में आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन व पुलिस की टीमें आचार संहिता का पालन कराने की दिशा में सार्वजनिक स्थानों एवं शासकीय कार्यालय, भवनों में राजनैतिक दलों के पूर्व से लगे बैनर, पोस्टर, स्लोगन इत्यादि हटाने की कार्यवाही अमल में लाई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक कोरबा के मार्गदर्शन पर निष्पक्ष निर्वाचन कराने हेतु स्थैतिक निगरानी दल, उडनदस्ता के साथ प्रशासन व पुलिस अधिकारीगण लगातार राजनैतिक दलों के प्रचार प्रसार, प्रचार-सामाग्रियों एवं मादक पदार्थों के परिवहन पर निगाह रखी जा रही है। इसी क्रम में रविवार की शाम जिलेवासियों को सुरक्षा का बोध कराने प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली से लेकर शहर के मुख्य चौक चौराहे से होते हुए कोसाबाड़ी तक फ्लैग मार्च निकला गया। जिसमें जिला प्रशासन और पुलिस के तरफ से कुल 500 से अधिक अधिकारी कर्मचारी हिस्सा लिए। कोरबा शहर में पुलिस अधीक्षक महोदय कोरबा श्री जितेंद्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री भूषण एक्का , नगर पुलिस अधीक्षक दर्री श्री रॉबिंसन गुड़िया, हेडक्कार्टर डीएसपी श्रीमती प्रतिभा मरकाम, जिला प्रशासन की ओर से एडीएम प्रदीप साहू, नगर कोतवाल रूपक शर्मा, और जिले के सभी अधिकारी कर्मचारी के साथ प्रशासन की टीम व सुरक्षा बलों ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में पैदल फ्लैग मार्च किया गया ।

## एक नजर

### प्रशिक्षण में अनुपस्थित चार कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस

**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक सोनी ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले चार कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। 29 अक्टूबर को मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में अनुपस्थित प्रधान पाठक श्री सूकलू राम नेताम, चमरा राम मरकाम, शिक्षक श्री देवव्रत हलधर और सहायक शिक्षक श्री चरनसिंह मरकाम को कारण बताओ नोटिस जारी समय-सीमा के भीतर जबाव मांगा गया है। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में उदासीनता तथा निर्वाचन कार्य के प्रति लापरवाही एवं अनुशासनहीनता पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए संतोषप्रद जवाब नहीं दिए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी है।

विधानसभा निर्वाचन 2023

### मतदान कार्य के लिए लगे वाहनों की होगी सतत निगरानी

#### कलेक्टर ने किया वाहनों के कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**जगदलपुर।** विधानसभा निर्वाचन के तहत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र और आंशिक नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन कार्य के लिए सलंग्न वाहनों का इस बार जीपीएस तकनीक का उपयोग कर सतत निगरानी रखी जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने परिवहन कार्यालय में स्थापित वाहनों के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम में जीपीएस से वाहनों की स्थिति का निगरानी करने की तकनीक का निरीक्षण कर जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने परिवहन अधिकारी को तीनों विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों के रूट में टेस्ट ड्राइव करवाकर जीपीएस ट्रेकिंग की कमीबेशी को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहनों में लगाई जा रही जीपीएस तकनीक के स्टॉल प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने जीपीएस के साथ यदि कोई छेड़छाड़ होने की स्थिति पर उस समस्या के निराकरण पर भी चर्चा किए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हितेश बघेल, परिवहन अधिकारी श्री ऋषभ नायडू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बाइक सवार युवक खड़ी ट्रक से टकराया, हुई मौत

रायपुर । टाटीबंध चौक स्थित हीरा ढाबा के पास खड़ी ट्रक से बाइक सवार जा टकराया। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। मामले में आमानाका थाना पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक हुकुम पाल 18 वर्ष ग्राम कंडरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीएच 1625 से कहीं जा रहा था, तभी टाटीबंध चौक स्थित हीरा ढाबा के पास खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 08 एए 9399 से जा टकराया। इस हादसे में हुकुम पाल की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक हितेश कुमार के खिलाफ धारह्वा 283, 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 10 पकड़ाए

**रायपुर ।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 10 लोगों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने अरविंद नगर चौक पेंशनबाड़ा में सरेआम शराब पीते आरोपी गुरूदेव निहाल 45 वर्ष एवं विधानसभा पुलिस ने आरोपी गंगाधर नायडू 34 वर्ष, योगेन्द्र गिरी गोस्वामी 26 वर्ष, नकुल साहू 51 वर्ष व नंदकुमार यादव 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह माना पुलिस ने आरोपी गणेश साहू 45 वर्ष, रामकरण निषाद 48 वर्ष, शेरू धृतलहरे 19 वर्ष व सूरज धृतलहरे 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी बलराम गिलहरे 35 वर्ष एवं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी अशोक ठाकुर 44 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### तलवार लेकर आतंक फैलाते युवक गिरफ्तार

**रायपुर ।** नेवरा पुलिस ने तलवार लेकर आतंक फैलाते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि बीएनबी स्कूल के पास एक युवक तलवार लेकर आतंक फैला रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मोहम्मद आसिफ 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से तलवार जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# निर्वाचन व्यय प्रेक्षक द्वारा सीमाओं का किया गया औचक निरीक्षण

## घोड़गाँव, गम्हरी, उरंदापाड़ा, हीरापुर के चेकपोस्टों का व्यय प्रेक्षक ने किया निरीक्षण





**कोण्डागांव।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग की तरफ़ से नियुक्त कोण्डागांव जिले की दोनों विधानसभाओं केशकाल एवं कोण्डागांव के व्यय प्रेक्षक डॉ दिनेश कुमार जाँगिड द्वारा रविवार को कोण्डागांव और केशकाल के विभिन्न चेकपोस्टों पर तैनात स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। विधानसभा चुनाव हेतु लागू आचार संहिता का पालन करवाने और तय सीमा के भीतर खर्च को नियंत्रित रखने के लिए बनाये गए स्थैतिक निगरानी दलों के सदस्यों से प्रेक्षक द्वारा जानकारी लेते हुए उन्हें महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। ज्ञात हो जिले में आचार संहिता के उल्लंघन की निगरानी के लिए अठारह उड़नदस्ते भी तैनात किए गयें हैं। डॉ जांगिड ने घोड़गाँव, गम्हरी, उरंदापाड़ा, हीरापुर आदि स्थानों पर तैनात निगरानी दलों का निरीक्षण किया और वहाँ तैनात कार्मिकों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी निर्वाचन के लिए उनकी भूमिका को रेखांकित किया। व्यय प्रेक्षक द्वारा लगातार पूरे क्षेत्र में घूम घूम कर सभी निर्वाचन कार्यों का अवलोकन किया जा रहा है।

विधानसभा निर्वाचन 2023

# मतदान कर्मी टीम भावना और आपसी समन्वय से मतदान कार्य को करवाएं सम्पन्नः- कलेक्टर

## मतदान कर्मियों का द्वितीय चरण प्रशिक्षण का दूसरा दिन



**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि मतदान कर्मी टीम भावना और आपसी समन्वय से मतदान कार्य को सम्पन्न करवाएं। प्रशिक्षण के दौरान दल के सभी सदस्य साथ में बैठकर प्रशिक्षण के सभी जानकारी को समझें और ईव्हीएम मशीन के संचालन की गतिविधियों के बारे में अच्छे से ज्ञान प्राप्त करें, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों से त्वरित निराकरण किया जा सके। कलेक्टर मंगलवार को विद्या ज्योति स्कूल में आयोजित मतदान कर्मियों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन कर रहे थे।

### डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर्मियों ने दिया वोट

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट व आंशिक नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए स्थापित डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा केंद्र की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के सुरक्षा कर्मियों के लिए अलग डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का बस्तर विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक श्री आरएच ठाकरे ने भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी, तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी, प्रशिक्षण प्रभारी श्री सुनील शर्मा, डाक मतपत्र प्रभारी श्री मनोज बंजारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# विक्रांत की घर वापसी पर रेणु जोगी का बड़ा बयान, मेरा छोटा बेटा घर वापस आया है

## विक्रांत ने आते ही संभाली जेसीसीजे के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी

**बिलासपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष विक्रांत तिवारी और उनकी टीम की जोगी कांग्रेस में वापसी से जिले की कई विधानसभा में पड़ेगा असर**

**रायपुर/बिलासपुर ।** विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे जैसे बढ़ती जा रही है चुनावी माहौल गरमाता जा रहा है । शुरुआती तौर पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे ने जहां कांग्रेस और भाजपा को झटका देते हुए कई कद्दावर बागी नेताओं को टिकट देकर शुरुआती लड़ाई में दोनों ही राष्ट्रीय दलों को झटका दिया है तो वही विधानसभा में पार्टी को जीत दिलाने की रणनीति पर भी काम किया जा रहा है

इसी कड़ी में अमित जोगी के काफी करीबी माने जाने वाले एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी के गृह जिले बिलासपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष और प्रदेश प्रवक्ता रहे विक्रांत तिवारी ने आज पुन जनता कांग्रेस में प्रवेश किया उनकी घर वापसी जिले की कई विधानसभाओं पर असर डालेगी।

नामांकन के एक दिन पूर्व रविवार को बिलासपुर के मरवाही सदन में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रेणु जोगी ने विक्रांत तिवारी और उनकी टीम का पार्टी में पुनः प्रवेश कराया और पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी विक्रांत को दी। विक्रांत की घर वापसी पर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रेणु जोगी ने कहा की विक्रांत जोगी परिवार का हमेशा से हिस्सा है इस लड़ाई में अपने परिवार का साथ देने मेरा छोटा बेटा अपने घर वापस आया है ।प्रवेश को लेकर विक्रांत ने कहा की मैं दुनिया में सब की बात काट सकता हूं पर मां की बात नहीं काट सकता आज जोगी परिवार को मेरी आवश्यकता है तो मैं अपने परिवार के साथ खड़ा हूं।



पार्टी ने विक्रांत को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें आते ही मैदान में उतार दिया है। विक्रांत अपनी टीम और रणनीति से पहले भी कोटा में डॉक्टर रेणु जोगी को जीत दिलाने में अहम किरदार निभा चुके हैं साथ ही मारवाही जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र की जवाबदारी भी उपचुनाव में सत्ता के सामने विक्रांत की टीम ने ही उठाई थी। विक्रांत तिवारी के साथ उनकी पूरी टीम ने प्रवेश किया जिसमें बिलासपुर बेलतरा कोटा मस्तूरी बिल्हा के तमाम पूर्व पदाधिकारी शामिल है जिसमें मुख्य रूप से

विक्रांत तिवारी,विजय सिंह, सुब्रत जाना, दीपक राही,सुधीर गोदरे, अजीत शर्मा, राहुल गढेवाल, शशांक आनंद ,संतोष श्रीवास, विपिन टाईटस, मयंक सोनी, धर्मेंद्र ने प्रवेश किया जिससे जिले की कई विधानसभा में असर पड़ना तय है।

अंतर्राज्यीय तस्कर गांजा लाकर शहर में खपाने के लिए तलाश रहा था ग्राहक

# तोरवा पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

**बिलासपुर ।** बिलासपुर के तोरवा क्षेत्र में महाराष्ट्र से गांजा लाकर शहर में खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहे युवक को तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित युवक के कब्जे से 10 किलो गांजा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।




न्यायालय के आदेश पर युवक को जेल दाखिल कराया गया है। तोरवा पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक आरपीएफ कालोनी में पानी टंकी के पास गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर तोरवा थाना प्रभारी कमला पुसाम ने जवानों को कार्रवाई के निर्देश दिए। तोरवा पुलिस ने मुखबिर के बताए जगह पर पहुंचकर महाराष्ट्र के नागपुर स्थित संजय गांधी नगर निवासी विजय मुकुंद वाहने(39) को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक गोलमोल जवाब दे रहा था। युवक के पास रखे बैग की तलाशी में 10 किलो 250 ग्राम गांजा मिला। इसे जब्त कर युवक को थाने लाया गया। एनडीपीएस की कार्रवाई के बाद युवक को जेल भेजा गया है।

# अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने किया 31वीं बार रक्तदान, कहा - लोगों की बचाएं जान, आप भी करें रक्तदान

**जगदलपुर एसडीएम नंद कुमार चौबे ने पेश की मिसाल, हर वर्ष 03 बार करते हैं रक्त दान**

**जगदलपुर ।** एक ऐसे अनुविभागीय अधिकारी जिन्होंने तीस से अधिक बार लोगों की जान बचाने रक्तदान किया है। जी हां हम बात कर रहे हैं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नंद कुमार चौबे की, जिनकी वर्तमान में पदस्थापना जगदलपुर अनुविभाग में है।

ज्ञात हो कि एसडीएम नंद कुमार चौबे अपने कर्तव्य के साथ अक्सर जनसरोकार और समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य करते रहे हैं। एसडीएम चौबे अपने जीवन में आज पर्यंत तक 31 बार रक्तदान कर चुके हैं। साथ ही आगे भी इस इस पुनीत कार्य को करते रहने की इच्छा जाहिर की है।





श्री चौबे ने 19 वर्ष की उम्र में पहली बार रक्तदान किया था, उन्हें इस कार्य के बेहतर अनुभव प्राप्त हुए। यही कारण है कि आज भी किसी जरूरतमंद को रक्त की आवश्यकता हो, तो वे इस कार्य के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और हर वर्ष कम से कम 03 बार ब्लड बैंक या जरूरतमंद मरीजों को रक्तदान करते हैं।

एसडीएम नंद कुमार चौबे ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि रक्तदान से रक्तदाता को कोई हानि नहीं होती है। रक्तदान करने से न सिर्फ जरूरतमंदों की जिन्दगी बचाई जा सकती है, बल्कि रक्तदान करने वाला व्यक्ति भी स्वस्थ रहता है। लोगों ने ये अवधारणा बनायी है कि इसके नकारात्मक प्रभाव होते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। इससे रक्त दान करने वाले व्यक्ति को फायदा ही होता है। श्री चौबे कहते हैं - लोगों की बचाएं जान, आप भी करें रक्तदान।

# प्याज के दाम अब शतक के करीब, व्यापारियों ने कहा - फसल उत्पादक राज्य महाराष्ट्र के नासिक में प्याज की फसल कमजोर

**बिलासपुर ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। सात नवंबर को बस्तर की सीटों के लिए मतदान होना है। ठीक चुनाव के वक्त प्याज की कीमतों में भारी उछाल आ गया है। आलू और प्याज की कीमतें बढ़ने का चौतरफा असर देखा जा रहा है। रसोई घर से प्याज गायब होने के साथ ही होटलों में नाश्ता भी महंगा होने लगा है।

आम से लेकर खास लोगों की जेब पर इसका सीधा असर पड़ने लगा है। व्यापारी फसल खराब होना बता रहे हैं। इस बीच मुनाफाखोरी की भी आशंका जताई जा रही है। चुनावी माहौल में प्याज की कीमतों में आई भारी उछाल को लेकर अब तरह-तरह की अटकलबाजी भी लगाई जा रही है। लोगों की जुबान पर अब आलू और प्याज चढ़ने लगा है। नवरात्र से ठीक पहले प्याज की कीमत में तेजी आई थी तब थोक मंडी में 30 से 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर बिक्री हो रही थी। चिल्हर बाजार के व्यापारी अपनी मर्जी के अनुसार भाव तय कर रहे थे।



**राहत दिलाने के लिए सरकार लाई टमाटर वाला प्लान**

चिल्हर बाजार में व्यापारियों ने संघ बना लिया है। संघ जो निर्णय सुना देता है पूरे दिन उसी दाम पर सब्जी की बिक्री होती है। मुनाफाखोरी के इस धंधे में आम लोगों की जेब का ख्याल कोई नहीं कर रहा है और न ही कोई रख रहा है। प्याज की बढ़ती कीमतों ने मध्यम वर्गीय परिवार का बजट एक बार फिर बिगड़ने लगा है। इसका असर छोटे से लेकर बड़े होटलों और स्ट्रीट वेंडरों की दुकानों पर भी देखा जा रहा है। समोसा, बड़ा, आलू गुंडा सहित नाश्ते के दाम में तेजी आने लगी है। अचरज की बात ये कि एक बार कीमत बढ़ने के बाद होटल संचालक घटाने का नाम भी नहीं लेते। अभी प्याज की कीमत में बढ़ोतरी का बहाना कहें या फिर मजबूरी। जब कीमतें घट जाएंगी तब भी होटलों में वही रेट रहेगा।

व्यापार विहार स्थित थोक मंडी के व्यापारियों का कहना है कि फसल उत्पादक राज्य महाराष्ट्र के नासिक में प्याज की फसल कमजोर है। नासिक स्थित देश की सबसे बड़ी मंडी में प्याज की आवक कमजोर है और देश की अलग-अलग मंडियों से मांग लगातार बनी हुई है। मांग के दबाव के चलते प्याज की कीमतें लगातार बढ़ रही है।

थोक मंडी में दीपावली के बाद नई फसल की आवक शुरू होगी। तब तक ऊंचे दाम पर ही प्याज खरीदना होगा। थोक मंडी व्यापार विहार में अभी नासिक से प्रतिदिन चार से पांच ट्रक प्याज की आपूर्ति हो रही है। कीमत ज्यादा होने के कारण बिक्री प्रभावित होने की बात व्यापारी कह रहे हैं।

दाम ऊंचे होने के कारण जरुरत के मुताबिक ही लोग खरीदारी कर रहे हैं। जो दो किलोग्राम प्याज खरीदकर ले जाते थे वर्तमान में एक किलोग्राम से ही काम चला रहे हैं। प्याज के साथ ही आलू की कीमतें भी बढ़ने लगी हैं। चिल्हर बाजार में 25 से 30 रुपये प्रति किलोग्राम पर आलू की बिक्री की जा रही है।

## एक नजर

# संजय निरुपम बोले- हिमंत बिस्वा हजार करोड़ के मालिक



**बिलासपुर।** कांग्रेस प्रवक्ता संजय निरुपम ने बयान दिया है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को पैसा कमाने की ताकत कांग्रेस से मिली है। सीएम बिस्वा कितने हजार करोड़ रुपए के मालिक हैं, आप को पता नहीं है। जिस पार्टी का कार्यालय दिल्ली में डेढ़ हजार करोड़ रुपए से बना हो, उनके नेता गरीब ?कैसे हो गए मुझे समझ नहीं आता। राष्ट्रीय प्रवक्ता निरुपम ने कहा कि मोदी के गुजरात मॉडल से 100 गुना बेहतर है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई में राज्य सरकार का कामकाज। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के अन्नदाता किसानों के साथ ही युवा, महिला, श्रमिक सभी वर्ग संतुष्ट हैं। देशभर में छत्तीसगढ़ मॉडल की चर्चा हो रही है। कांग्रेस सरकार जो वादा करती है उसे गंभीरता के साथ निभाती है।

### छत्तीसगढ़ में नहीं है एंटी इन्कमबेसी

संजय निरुपम ने कहा कि आम तौर पर सत्ताधारी दल के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर जरूर होती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि, पांच साल सरकार अच्छा काम करती है। फिर भी कोई ऐसा वर्ग रहता है, जो छूट जाता है और उस वर्ग के लोग विरोध में रहते हैं। लेकिन, पहली बार ऐसा हो रहा है कि सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ जीरो परसेंट एंटी इन्कमबेसी है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय निरुपम ने दावा किया है कि पांच राज्यों में होने वाले चुनाव में भाजपा की हालत बहुत खराब है। राजस्थान में कांग्रेस सत्ता में वापसी कर रही है। छत्तीसगढ़ में सीएम बघेल की सरकार 70 से 75 सीट पार कर फिर सरकार बना रह है। ऐसे ही मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। तेलंगाना और मिजोरम में भी भाजपा और उनके सहयोगियों की स्थिति ठीक नहीं है।

बीते दिनों बिलासपुर प्रवास पर आए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने बयान में कहा था कि कांग्रेस नेताओं ने भ्रष्टाचार कर अवैध कमाई कर पैसे कमाए हैं, जिसके कारण उनके यहां ईडी और आईटी के छापे पड़ रहे हैं। इसी दौरान उन्होंने कहा था कि भाजपा के नेता सच में बहुत गरीब है। उन्होंने दावा किया था कि चुनाव में हलफनामा देने वाले कांग्रेस और भाजपा नेताओं की संपत्ति का आकंलन करने से इसका पता चल जाएगा कि देश के कांग्रेसी नेता कितने अमीर हैं।

# शपथ लेने के बाद अपना पहला वादा ही भूल गए राजस्व मंत्री, शहर से नहीं हटे भारी वाहन : लखन

**कोरबा ।** विधानसभा क्षेत्र कोरबा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी लखन लाल देवांगन ने कहा है कि अब कोरबा की जनता बदलाव चाहती है और इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को हराकर भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाएगी।

मुड़ापार वार्ड के दौरे में पहुंचे भाजपा प्रत्याशी को लोगों ने बताया कि बायपास सड़क पर 24 घंटे भारी वाहनों के आवागमन से परेशानी हो रही है। इस पर लखनलाल देवांगन ने कहा कि जयसिंह अग्रवाल ने राजस्व मंत्री की शपथ लेने के बाद बड़े-बड़े दावे किए थे। उनका दावा था कि शहर के बीच से भारी वाहन पूरी तरह से हट जाएंगे। शहर के भीतर के चारों बायपास पर लोगों को भारी वाहन से निजात मिल जाएगी। पांच साल गुजर गए। एक भी बायपास के किनारे रहने वाले लोगों को परेशानी से निजात नहीं मिली। लखन ने कहा कि इस वजह से आए दिन शहर के भीतर हादसे हो रहे हैं। बायपास के दोनों ओर रहने वाले लोग धूल से बेहाल हैं। व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतने साल में राजस्व मंत्री ने भारी वाहनों से निजात दिलाने का कोई प्रयास नहीं किया है।

# भाजपा प्रत्याशी प्रेमचंद पटेल ने घर-घर जनसंपर्क कर जन आशीर्वाद लिया

**कोरबा ।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा से प्रत्याशी प्रेमचंद पटेल ने दीपका क्षेत्र ऊर्जा नगर और दीपका बस्ती में घर-घर जनसंपर्क कर जन आशीर्वाद प्राप्त किया। जनसंपर्क में पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने बड़े ही गर्मजोशी के साथ प्रत्याशी प्रेमचंद पटेल का स्वागत किया। वार्डवासियों ने क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने विभिन्न समस्याओं से भाजपा प्रत्याशी पटेल को अवगत कराया। वहीं भाजपा प्रत्याशी प्रेमचंद पटेल ने वार्डवासियों से कहा कि निश्चित तौर पर कांग्रेस विकास के नाम पर केवल वहावही कर जनता को गुमराह करने के काम किया है, भाजपा प्रत्याशी पटेल ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद की जरूरत है, इस बार बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी और कटघोरा का विकास तेजी से होगी, आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा मंडल दीपका के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सैकड़ो की संख्या में स्थानीय वार्डवासी की उपस्थिति थी।

चुनावी दौर में आबकारी अमले ने चलाया अभियान

# 300 लीटर महुआ शराब और एक हजार 200 किलो लहान जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

**बिलासपुर ।** आबकारी अमले ने जिले में अभियान चलाकर अलग-अलग क्षेत्र से 302 लीटर महुआ शराब जब्त की है। साथ ही एक हजार 265 किलो लहान को मौके पर ही नष्ट किया गया है। आबकारी विभाग की टीम को सूचना मिली कि कोटा क्षेत्र के ग्राम घोघरा, रतनपुर क्षेत्र के ग्राम जाली और सीपत क्षेत्र के ग्राम टेकर में महुआ शराब की अवैध बिक्री की जा रही है।



इस पर आबकारी अमले ने शनिवार को टीम बनाकर गांव में दबिश दी। टीम ने ग्राम जाली में नंदकुमार मरावी के कब्जे से 70 लीटर, रामाधार मरावी के कब्जे से नौ लीटर महुआ शराब जब्त की। वहीं, कोटा क्षेत्र के घोघरा निवासी सुरेश यादव के कब्जे से 18 लीटर शराब जब्त की गई। इसके अलावा ग्राम जाली में 48 लीटर महुआ शराब और लहान जब्त किया गया है। ग्राम टेकर में 34 लीटर महुआ शराब और 375 किलो लहान जब्त किया गया है। आरोपित के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। टीम ने ग्राम जाली में गौतम मरावी के कब्जे से तीन लीटर और सुनीता नेताम के कब्जे से 90 किलो लहान जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। दोनों आरोपित को मुचलका जमानत पर रिहा किया गया है।


विधानसभा आम निर्वाचन-2023

# वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपने मोबाइल पर ही देख सकते हैं अपना मतदान केन्द्र और निर्वाचन संबंधी अन्य जानकारियां

## वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप डाउनलोड कर मतदाता जान सकते हैं अपने उम्मीदवारों के बारे में

बिलासपुर । जिले में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए मतदान की तिथि नजदीक आ रही है। 17 नवम्बर को हो रहे मतदान के लिए मतदाताओं में काफी उत्साह है।

ऐसे में मतदाता यह जानने के लिए उत्सुक होते हैं कि मतदान के लिए उनका कौन सा केन्द्र है, उनका नाम किस भाग संख्या अथवा क्रमांक पर है। ऐसी प्राथमिक जानकारी सहित कई अन्य जानकारियाँ अब मोबाइल फोन पर ही देखी जा सकती हैं। सुगम मतदान की दिशा में भारत निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्पलाइन एप्प एक उपयोगी एप्लीकेशन है जो आम मतदाताओं को उपयोगी जानकारी त्वरित गति से उपलब्ध कराने में कारगर साबित हो रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस दिशा में सतत प्रयास किया जाता है कि अपने मताधिकार का प्रयोग करने से कोई भी मतदाता वंचित न रहे। आयोग द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप की शुरूआत इसी उद्देश्य से की गई है।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने बताया कि यह एक बहुउपयोगी एप है। यह एंड्रॉयड एवं आईओएस दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। इसमें मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डालकर बहुत ही आसानी से अपनी विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है।

इसके जरिए मतगणना दिवस को विधानसभावार परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप के माध्यम से निर्वाचन सम्बन्धी किसी भी प्रकार की शिकायत भी की जा सकती है। मतदाताओं की जागरूकता के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के संचालन संबंधी वीडियो भी देखे जा सकते हैं।

## टाइगर 3 : लेके प्रभु का नाम गाने के लिए सिंगर निकिता गांधी की हो रही तारीफें



अपनी दमदार आवाज के लिए मशहूर सिंगर निकिता गांधी बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की अपकमिंग स्पाई-थ्रिलर फिल्म टाइगर 3 के अपने ट्रैक लेके प्रभु का नाम को लेकर काफी खुश हैं।

सिंगर ने बॉलीवुड और साउथ फिल्मों जैसे अर्जुन रेड्डी, ध्रुव, सूर्यवंशी और हाल ही में थलपति विजय की तमिल एक्शन-थ्रिलर फिल्म लियो जैसी विभिन्न ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अपनी आवाज दी है। लेके प्रभु का नाम बेहतरीन ग्रूव वाला एक पावरफुल सॉन्ग है, ट्रैक को दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पांस मिल रहा है। निकिता और उनके सहयोगी अरिजीत सिंह के सिंगिंग स्टाइल की प्रशंसा जमकर हो रही है।

वर्तमान में, ट्रैक को यूट्यूब पर



## फिटनेस प्रेमी हैं शो मीत की अभिनेत्री आशी सिंह

शो मीत में नजर आने वाली अभिनेत्री आशी सिंह ने अपनी फिटनेस पर बात करते हुए कहा कि वह फिट रहने के लिए हर सुबह वर्कआउट करना पसंद करती हैं। निश्चित रूप से काम की प्रतिबद्धताओं बीच फिट और स्वस्थ रहना कठिन है। लेकिन आशी हर चीज को संतुलित करने के लिए अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालती हैं।

आशी ने कहा, मैं अपने दिन की शुरुआत सुबह 6 बजे वर्कआउट से करती हूं जो मुझे ऊर्जा से भर देता है। मैं जिम में विभिन्न तकनीकें सीख रही हूं।

उन्होंने कहा, इसके अलावा यह मेरे लिए तनाव कम करने का तरीका बन गया है। जब मैं जिम में होती हूं, तो मेरा सारा तनाव और थकान गायब हो जाती है। यह मेरा नया प्यार है और मैं अपने फिटनेस लक्ष्य को हासिल करने के लिए उत्सुक हूं। वर्कआउट करने से मुझे फिट दिखने में मदद मिलती है,भले ही लंबे समय तक शूटिंग करनी पड़े।

16 साल की छलांग के बाद दर्शक मीत की बेटी, सुमीत (आशी सिंह) की कहानी से आकर्षित हो गए हैं, जो अपनी मां के नाम को बरकरार रखने की कोशिश कर रही है। मीत जी टीवी पर प्रसारित होता है।

## रिवीलिंग ड्रेस पहन केट शर्मा ने करवाया हॉट फोटोशूट, सोफे में बैठकर सेक्सी पोज देते हुए बढ़ाया इंटरनेट का पारा

टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपनी हॉटनेस से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती है तो अक्सर इंटरनेट पर तहलका मच जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस केट शर्मा ने कैमरे के आगे अपना हुस्न चमकाया है। इन तस्वीरों में उनका सेक्सी लुक देख फैंस आहें भर रहे हैं। टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपनी हॉटनेस से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती है तो अक्सर इंटरनेट पर तहलका मच जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस केट शर्मा ने कैमरे के आगे अपना हुस्न चमकाया है। इन तस्वीरों में उनका सेक्सी लुक देख फैंस आहें भर रहे हैं। इन तस्वीरों में केट शर्मा की हॉटनेस देखकर लोग एक बार फिर से दंग रह गए हैं। एक्ट्रेस जब भी अपना लुक फैंस के बीच साझा करती हैं तो लोगों की नजरें उन पर से हट पाना मुश्किल हो जाता है। केट शर्मा ने अपने फोटोशूट के दौरान सिल्वर कलर का रिवीलिंग शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो काफी स्टनिंग नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस केट शर्मा सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। उनकी हर एक तस्वीरें इंस्टाग्राम पर आते ही वायरल होने लगती हैं। केट शर्मा ने इन फोटोज में सोफे में बैठकर एक से बढ़कर एक पोज देते हुए लोगों का ध्यान अपनी ओर रिझा दिया है। ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। आपको बताते चलें कि अदाकारा केट शर्मा का ये अंदाज बेहद बोल्ड और बेबाक है, जिसमें वो काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं।



## आर्या में ऐसी ताकत है जो बवंडर का मुकाबला कर सकती है : सुष्मिता सेन

क्राइम थ्रिलर आर्या 3 में एक्ट्रेस और पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन का किरदार आर्या सरीन एक बेहतरीन पावरहाउस हैं, जिसमें ऐसी ताकत है जो बवंडर का मुकाबला कर सकती है।

सुष्मिता ने कहा, पहले सीजन से ही वह शो चलाने वाली सिंगल मदर हैं।

सुष्मिता ने कहा, मेरा किरदार आर्या बहुत मजबूत है। उसमें दर्द सहने की क्षमता है। वह काफी हद तक शांत है। जब तक जरूरी न हो, वह रिएक्ट करना नहीं बल्कि रिस्पॉन्ड देना पसंद करती है। मैं वैसे ही बनी हूं, लेकिन उसने मुझसे ज्यादा विश्वासघात देखा है, इसके लिए भगवान का शुक्र



है, मैंने अपनी लाइफ में अच्छे लोग देखे हैं। मैं उम्मीद कर रही हूं कि इस शो में वह अच्छे लोगों से मिलेंगी, जिससे उनके जीवन में कुछ आशा, कुछ रोमांस वापस आ जाएगा।

दूरदर्शी राम माधवानी द्वारा निर्मित और सह-निर्देशित और अमिता माधवनी, राम माधवानी, राम माधवानी फिल्म्स और एंडेमोल शाइन इंडिया द्वारा सह-निर्मित, आर्या 3 3 नवंबर से डिज्नी पल्स हॉटस्टार पर प्रसारित होगा।

वर्कफ्रंट की बात करें तो सुष्मिता वेब सीरीज ताली में भी नजर आई थीं। यह शो सुष्मिता द्वारा अभिनीत ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता श्रीगौरी सावंत की प्रेरक यात्रा को जीवंत करता है। यह अर्जुन सिंह बरन और कार्तिक डी निशानदार द्वारा निर्मित और रवि जाधव द्वारा निर्देशित है।

## फिल्म अपूर्वा से तारा सुतारिया का पहली झलक आई सामने, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने 2019 में स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में डेब्यू किया था और तब से अपने करियर में आगे बढ़ती गईं हैं। इसके बाद, एक्ट्रेस अपूर्वा के लिए तैयारी कर रही है, जिसे फिल्म मेकर निखिल नागेश भट्ट द्वारा निर्देशित एक सर्वाइवल थ्रिलर प्रोजेक्ट कहा जाता है। हाल ही में फिल्म के मेकर्स ने फिल्म से अभिनेत्री तारा सुतारिया का पहला लुक



रिलीज कर दिया हैं। साथ ही फैंस को इस फिल्म से राजपाल यादव और अभिषेक बनर्जी की एक झलक दिखाते हुए मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट का भी खुलासा किया हैं। ये फिल्म 15 नवंबर से डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए पुरी तरह से तैयार हैं। फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में इसके पोस्टर की मदद से फिल्म से सुतारिया का पहला लुक भी जारी कर दिया हैं।

## गर्दन काली पड़ गई है तो अपनाएं यह घरेलू टिप्स, चुटकियों में हो जाएगी साफ

हम लोग अक्सर अपने चेहरे की देखभाल का ख्याल रखते हैं. रोज सुबह-शाम फ़स वॉश करते हैं लेकिन गर्दन की सफाई करना भूल जाते हैं. ऐसे में गर्दन पर धीरे-धीरे गंदगी जमने लगती है और यह काला पडने् लगता है. या फिर गर्मियों के मौसम में धूप के कारण कई लोगों की गर्दन काली पड़ जाती है. गर्दन की काली त्वचा न सिर्फ बदसूरत लगती है बल्कि कई तरह की स्किन समस्याएं भी पैदा कर सकती है. ऐसे में कुछ घरेलू उपाय आजमाना चाहिए ताकि गर्दन की रंगत फिर से साफ और चमकदार हो सके.



हल्दी, नींबू, बेकिंग सोडा जैसी कुछ चीजें इस समस्या से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित हो सकती हैं. आइए जानते हैं यहां ....

**नींबू का रस**- नींबू का रस गर्दन के कालेपन को कम करने में मदद करता है. निम्बू का रस गर्दन पर लगाएं और उसे 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर धूला लें. इसको हफ्ते में एक या दो बार करें.

**हल्दी और दही का पैक**- हल्दी में गर्दन के कालेपन को कम करने के लिए और दही में त्वचा को सॉफ्ट बनाने के गुण होते हैं. एक छोटी सी चम्मच हल्दी को दो चम्मच दही के साथ मिलाएं और इस मिश्रण को गर्दन पर लगाएं, फिर 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें और बाद में धूला लें.

**आलू के रस का उपयोग**- आलू के रस को गर्दन पर लगाने से भी गर्दन के कालेपन को कम किया जा सकता है. आलू को घिसकर रस निकालें और इसे गर्दन पर लगाएं, फिर धूला लें.

# खेल




## भारत की लगातार छठी जीत

*:वर्ल्ड कप में इंग्लैंड को 20 साल बाद हराया; डिफेंडिंग चैंपियन 129 पर ऑलआउट, शमी को 4 विकेट*

**लखनऊ।** भारत ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में लगातार छठी जीत हासिल की है। टीम ने इंग्लैंड को 100 रन से हराया। टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप में इंग्लैंड को 20 साल बाद हराया है। टीम आखिरी बार 2003 में डरबन के मैदान पर 82 रन से जीती थी। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में टीम इंडिया ने टॉस हारकर बल्लेबाजी की और 50 ओवर में 9 विकेट पर 229 रन बनाए। 230 रन का टारगेट चेज करने उतरी इंग्लैंड की टीम 34.5 ओवर में 129 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

इंग्लिश बैटर भारतीय गेंदबाजी के सामने लड़खड़ाते नजर आए। मोहम्मद शमी ने 4 और जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट झटके। जबकि कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा की स्पिन जोड़ी ने 3 बैटर्स को पवेलियन भेजा।

### पॉइंट्स टेबल में टॉप पर आया भारत

इंग्लैंड को 100 रन से हराकर भारत पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गया। टीम सभी 6 मुकाबले जीतकर 12 अंकों के साथ नंबर-1 पर है। दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम 10वें नंबर पर ही है। टीम को 6 में से एक ही मुकाबले में जीत मिली है। 230 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम की शुरुआत अच्छी रही। 4 ओवर में टीम ने 26 रन बना लिए थे, मोहम्मद सिराज के 2 ओवर में तो




18 रन बन गए, लेकिन 5वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने लगातार गेंदों पर डेविड मलान और जो रूट के विकेट लेकर भारत को ब्रेक-थ्रू दिलाया। बुमराह के बाद अगले ही ओवर में मोहम्मद शमी बॉलिंग करने आ गए। उन्होंने ओवर में 3 रन दिए, अगला ओवर मेडन रहा। स्पेल कंटीन्यू कर रहे शमी ने 8वें ओवर की आखिरी गेंद पर बेन स्टोक्स को बोल्ड कर दिया। 9वां ओवर बुमराह ने फिर मेडन फेंका और 10वें ओवर की पहली गेंद पर शमी ने जॉनी बेयरस्टो को बोल्ड कर दिया। 4 ओवर में 26/0 से इंग्लैंड का स्कोर 10 ओवर में 40 रन पर 4 विकेट हो गया। शमी और बुमराह ने दोनों ने 2-2 विकेट लिए। बेयरस्टो ने 14 और मलान ने 16 रन बनाए, वहीं रूट और स्टोक्स तो खाता भी नहीं खोल सके।

### भारत ने इंग्लैंड को वर्ल्डकप में सबसे छोटा टारगेट दिया, रोहित की फिफ्टी

*भारतीय टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 229 रन पर बनाए। यह भारतीय टीम का वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में सबसे छोटा स्कोर है। इससे पहले टीम ने 1999 में बर्मिंघम के मैदान पर 8 विकेट पर 232 रन बनाए थे। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। भारतीय टीम से कप्तान रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा 87 रन बनाए। केएल राहुल ने 39 रन की पारी खेली।*

### कोहली, रूट और स्टोक्स जीरो पर आउट

## बुमराह-शमी ने मिस की हैट्रिक, डाइविंग कैच लेने में इंजर्ड हुए लिविंगस्टन

वनडे वर्ल्ड कप 2023 के 29वें मुकाबले में भारत ने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को 100 रन से हराया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में टीम इंडिया ने टॉस हारकर बल्लेबाजी की और 50 ओवर में 9 विकेट पर 229 रन बनाए। 230 रन का टारगेट चेज करने उतरी इंग्लैंड की टीम 34.5 ओवर में 129 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। मैच में विराट कोहली, जो रूट और बेन स्टोक्स अपना खाता नहीं खोल सके। वहीं, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी ने लगातार 2 बॉल पर 2 विकेट लिए और हैट्रिक चांस मिस कर दिया। जबकि, लिविंगस्टन कैच लेने में इंजर्ड हो गए। भारतीय टीम के दिग्गज प्लेयर सुरेश रैना और मोहम्मद



कैफ ने मैच शुरू होने से पहले वनडे वर्ल्ड कप की ट्रॉफी लखनऊ के इकाना स्टेडियम में प्रेजेंट की।

मोहम्मद कैफ 2003 वर्ल्ड कप में रनर अप रही टीम का हिस्सा थे, जबकि सुरेश रैना 2011 वर्ल्ड कप विनिंग टीम का हिस्सा थे।

वर्ल्ड कप 2023 के पिछले मैचों में कई दिग्गज खिलाड़ी मैच से पहले ट्रॉफी प्रेजेंट करने के लिए आ चुके हैं। अहमदाबाद में खेले गए भारत-पाकिस्तान मैच में सचिन तेंदुलकर ने ट्रॉफी प्रेजेंट की थी। सुरेश रैना और मोहम्मद कैफ UPCA (उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन) से ही घरेलू क्रिकेट खेलते थे, दोनों टीम इंडिया के लिए वर्ल्ड कप खेल चुके हैं।

### रोहित-सूर्या और राहुल ने भारत को फाइटिंग स्कोर दिलाया

## तेज गेंदबाजों ने अंग्रेजों का टॉप ऑर्डर बिखेरा, स्पिनर्स ने दबाव बढ़ाया; मैच एनालिसिस

**लखनऊ।** वर्ल्ड कप 2023 में टीम इंडिया का विजयी अभियान जारी है। टीम ने रविवार को लगातार छठी जीत हासिल की। भारतीय टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को 100 रन के अंतर से हराया। लखनऊ की कठिन पिच पर भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लिश बैटर्स की अग्नि परीक्षा ली और 230 रन का टारगेट चेज करने उतरी इंग्लिश टीम 34.5 ओवर में 129 रन पर ऑलआउट हो गई। भारतीय टीम ने पहली पारी में 50 ओवर में 9 विकेट पर 229 रन का स्कोर खड़ा किया, जो भारत का वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में सबसे छोटा स्कोर है। डिफेंडिंग चैंपियन इसे भी चेज करने में नाकाम रहे। भारत की इस जीत की बुनियाद रोहित शर्मा (87 रन), सूर्यकुमार (49 रन) और केएल




राहुल (39 रन) ने रखी, जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, स्पिनर कुलदीप और जडेजा की चौकड़ी ने जीत तक पहुंचाया। भारतीय गेंदबाजी के सामने डिफेंडिंग चैंपियन की बल्लेबाजी दम तोड़ती नजर आई। रोहित को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। रोहित ने खेली अर्धशतकीय पारी, इंग्लैंड से कोई 30 पार नहीं लखनऊ के इकाना स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया, क्योंकि पिच बल्लेबाजी के अनुकूल नहीं थी। इंग्लिश कप्तान जोस बटलर का फैसला तब सही साबित हुआ, जब भारतीय ओपनर शुभमन गिल 9 और विराट कोहली शून्य पर पवेलियन लौट गए। टीम इंडिया का स्कोर 27/2 था। आगे 13 रन ही बने थे कि श्रेयस अय्यर 4 रन बनाकर आउट हो गए।

### एक नजर

आंकड़ों में वर्ल्ड कप 2023

## टेबल टॉपर बना भारत, इंग्लैंड 10वें पर; रोहित टॉप इंडियन रन स्कोरर, बुमराह के नाम 14 विकेट

वनडे वर्ल्ड कप में मेजबान भारत ने छठी जीत दर्ज की, टीम ने इस बार इंग्लैंड को 100 रन के अंतर से हराया। इस जीत से टीम इंडिया 12 पॉइंट्स लेकर पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर पहुंच गई है। जबकि डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड अब भी 6 मैचों में एक जीत के चलते 10वें नंबर पर ही है। रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ 3 सिक्स लगाए, इसी के साथ उनके नाम टूर्नामेंट में 20 छक्के हो गए। जसप्रीत बुमराह टॉप विकेट टेकर बनने से 2 विकेट से दूर हैं, उनके नाम 14 विकेट हैं। पहले नंबर पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया के एडम जम्पा के 16 विकेट हैं। साउथ अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक के नाम सबसे ज्यादा 431 रन हैं।




## केएल को दूसरी बार मिला बेस्ट फील्डर का मेडल

### स्टेडियम में लाइट शो के जरिए हुई घोषणा; BCCI ने ट्वीट किया वीडियो



वनडे वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल को बेस्ट फील्डर का मेडल मिला। पिछले बार के मेडलिस्ट श्रेयश अय्यर ने उन्हें मेडल पहनाया। मेडल सेरेमनी काफी शानदार तरीके से हुई। मेडलिस्ट के नाम की घोषणा स्टेडियम की लाइट बंद कर के लाइट शो के जरिए हुई। राहुल को इससे पहले 14 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भी बेस्ट फील्डर का मेडल मिला था।वो लखनऊ में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार विकेटकीपिंग किए और लेग साइड पर कुछ चौके बचाए। राहुल ने क्रिस वोक्स को स्टंप आउट किया और मोईन अली का कैच भी लिए। दरअसल, इस वर्ल्ड कप में हर मैच के बाद टीम इंडिया के बेस्ट फील्डर को एक मेडल मिल रहा है। ये मेडल फील्डिंग कोच टी दिलीप टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में देते हैं। ये ICC का कोई ऑफिशियल फील्डर का अवॉर्ड नहीं है, लेकिन टीम इंडिया में पॉजिटिव माहौल बनाने के लिए इस वर्ल्ड कप में इसे शुरू किया गया है।

# क्या अपने विधानसभा में गुलाब कमरों की स्थिति नहीं, अच्छी जो उन्होंने जुटाई बैकुंठपुर के भरोसे भीड़

मनेंद्रगढ़ कांग्रेस प्रत्याशी की तैयारी दिखी कमजोर,गुलाब कमरों के सहारे बचाई अपने नामांकन में संख्या बल को लेकर इज्जत

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

**अक्टूबर को नवीन जिले एमसीबी में कांग्रेस पार्टी की नामांकन रैली हुई साथ ही जिले के दो विधानसभाओं के लिए पार्टी से घोषित प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष भी उपस्थित रहे क्षेत्रीय सांसद भी उपस्थित रहीं और इन्हीं दोनों के नेतृत्व में नामांकन रैली निकाली गई वहीं नामांकन दाखिल किया गया।**






## बैकुंठपुर के कई कांग्रेस नेताओं ने भी पहुंचकर रैली को विशाल स्वरूप प्रदान करने में की मदद

इस दौरान आमसभा भी हुई जिसे सभी नेताओं संबोधित किया और अबकी बार 75 पार का नारा दोहरा कर पार्टी के संकल्प को सबके सामने रखा। एमसीबी नवीन जिले की नामांकन रैली कांग्रेस की अच्छी भीड़ वाली रैली मानी गई और इस रैली आमसभा में उपस्थित लोग गुलाब कमरों के समर्थन में पहुंचे थे और भरतपुर सोनहत विधायक साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी के लिए ही ज्यादा लोग जुटे थे यह देखा गया, मनेंद्रगढ़ से घोषित कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में बहुत ही सीमित लोग इस दौरान पहुंचे थे। उन्हे काफी कम समर्थन मिलता दिखा क्षेत्र से यह भी चर्चा सुनी गई वहीं यह भी बताया जा रहा है की भरतपुर सोनहत विधायक साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी की जुटाई गई संख्या में मनेंद्रगढ़ के कांग्रेस प्रत्याशी की संख्या बल को लेकर दिखी कमजोरी छिप गई और उनका भी नामांकन एक अच्छी भीड़ के बीच ही संपन्न हो सका।

भरतपुर सोनहत विधायक सहित कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन रैली काफी विशाल थी जैसा बताया जा रहा है तस्वीरों से भी नजर आ रहा है वहीं यह भी सूत्रों का कहना है की यह रैली ऐसे ही विशाल नहीं हुई इसमें केवल भरतपुर सोनहत विधानसभा के ही लोग शामिल नहीं थे इस रैली को सफल बनाने में बैकुंठपुर के लोगों का काफी सहयोग भरतपुर सोनहत विधायक और कांग्रेस प्रत्याशी को मिला यह भी बताया जा रहा है वहीं बैकुंठपुर से कर्मचारियों ने भी जाकर रैली को वृहद बनाने में मदद की यह भी सूत्रों का दावा है। वैसे बैकुंठपुर से एमसीबी कांग्रेस प्रत्याशियों की नामांकन रैली में लोगों के पहुंचने को लेकर यह भी चर्चा है की क्या भरतपुर सोनहत क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी साथ ही विधायक को भीड़ जुटाने में परेशानी हुई क्या वहां उन्हे बढ़िया समर्थन नहीं मिल पाया जिस वजह से उन्हे बैकुंठपुर से भी लोगों को बुलाना पड़ाएवैसे सवाल का जवाब तो बैकुंठपुर से एमसीबी जाने वाले देंगे तभी समझ में आएगा की वह गुलाब कमरों के व्यक्तिगत संबध उनके व्यक्तित्व के कारण उनकी नामांकन रैली में पहुंचे या उन्होंने बुलावे पर जाना निश्चित किया वैसे बात जो भी हो बैकुंठपुर से एमसीबी पहुंचकर गुलाब कमरों समर्थकों ने यह भी साबित कर दिया की अभी भी कोरिया जिले का एमसीबी जिले से खासा लगाव है और वह अभी खुद को अलग नहीं मानते और इस तरह अब भाजपा प्रत्याशी पर बाहरी होने का भी वह आरोप लगाने से पिछड़ जायेंगे क्योंकि उनका भी मायका कोरिया जिले में है इस तरह उनका भी लगाव भरतपुर सोनहत से कायम ही रहेगा जैसा बैकुंठपुर वालों का एमसीबी से गुलाब कमरों की रैली में लगाव देखा गया।

### बैकुंठपुर से भी पहुंचे कांग्रेसी,कर्मचारी भी पहुंचे निश्चित दूरी बनाकर दिया गुलाब कमरों की रैली को समर्थन सूत्र

एमसीबी जिले में दो विधानसभाओं के लिए नामांकन रैली हुई आमसभा हुई और नामांकन दाखिल किया कांग्रेस के दो प्रत्याशियों द्वारा जो दो अलग अलग विधानसभाओं के लिए नामांकन थी। इस दौरान बैकुंठपुर से भी बड़ी मात्रा में कांग्रेसी नामांकन रैली में शामिल होने एमसीबी पहुंचे,कुछ कर्मचारी भी पहुंचे ऐसा भी सूत्रों का कहना है,कर्मचारी जहां एक निश्चित दूरी बनाकर रैली के समर्थन में नजर आए वहीं बैकुंठपुर से पहुंचे कुछ ने मंच पर भी अपनी जगह बनाई। कुल मिलाकर बैकुंठपुर से एमसीबी पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशियों को समर्थन देने बैकुंठपुर वालों को उत्साहित देखा गया जो वहां पहुंचे थे उन्हे।

### विधानसभा अध्यक्ष सहित क्षेत्रीय सांसद भी रहीं मौजूद,कांग्रेस के दो विधानसभा प्रत्याशियों के लिए मांगा आमसभा में समर्थन भी

एमसीबी जिले में जिले के दो विधानसभाओं के लिए नामांकन दाखिल किया गया 27 अक्टूबर को,भरतपुर सोनहत सहित मनेंद्रगढ़ विधानसभा के पार्टी घोषित प्रत्याशियों के नामांकन के लिए विधानसभा अध्यक्ष सहित क्षेत्रीय सांसद की उपस्थिति भी जिले में देखी गई। दोनों ने नामांकन रैली में भी शिरकत की आमसभा को भी संबोधित किया वहीं नामांकन दाखिल कराकर वह वापस लौटे।

### मनेंद्रगढ़ विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी संख्या बल में दिखे कमजोर,भरतपुर सोनहत क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में पहुंचे लोगों ने बचाई लाज

एमसीबी जिले में दो विधानसभा के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों का नामांकन कार्यक्रम जिसमे रैली सहित आमसभा भी शामिल थी आयोजित था। इस दौरान संख्या बल को लेकर मनेंद्रगढ़ के कांग्रेस प्रत्याशी कमजोर नजर आए उनके साथ काफी कम समर्थक नजर आए वहीं भरतपुर सोनहत से प्रत्याशी के समर्थन में जुटी भीड़ ने उनकी भीी लाज बचा ली वरना वह अकेले यह आयोजन करते काफी कमजोर और असफल आयोजन साबित होता उनका आयोजन यह भी लोग कहते सुने गए।

### क्या भरतपुर सोनहत क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी नहीं जुटा पाए अपेक्षित भीड़ इसलिए उन्हें लेना पड़ा उन्हे बैकुंठपुर का सहारा

एमसीबी जिले में कांग्रेस प्रत्याशियों की नामांकन रैली में बैकुंठपुर से भी लोग पहुंचे यह लोग भरतपुर सोनहत विधानसभा से घोषित कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में एमसीबी पहुंचे थे और नामांकन कार्यक्रम की सफलता के लिए जिम्मेदारी सम्हाले हुए थे जैसा सूत्रों का कहना है। बैकुंठपुर से एमसीबी जाकर भरतपुर सोनहत कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन रैली को सफल बनाने को लेकर अब यह भी सवाल उठ रहे हैं की क्या कांग्रेस प्रत्याशी को अपने विधानसभा क्षेत्र से अपेक्षित समर्थन नहीं मिल सका लोगों का जो उन्हे बैकुंठपुर से भी समर्थक बुलाने पड़े।

कोरिया के लोगों का दिखा एमसीबी के लिए अपनापन,दूसरे जिले के विधानसभा प्रत्याशियों की नामांकन रैली में शिरकत करते नजर आए कोरिया वाशी एमसीबी जिले में कांग्रेस प्रत्याशियों की नामांकन रैली में बैकुंठपुर के लोगों का शामिल होना देखा गया,कोरिया जिले के लोगों का वहां पहुंचना यह बता गया की जिला विभाजन के बाद भी उनका मनेंद्रगढ़ सहित जिले के अन्य क्षेत्र से पहले जैसा लगाव है लोगों से लगाव है। अभी भी यहां के लोग एमसीबी से जुड़ाव अपनत्व का रखते हैं। अब ऐसे में यह भी साबित हो गया की भाजपा प्रत्याशी को लेकर बाहरी वाला मामला भी शांत हो जायेगा क्योंकि वह भी मूलत: कोरिया जिले की ही बेटी हैं और ऐसे में उनका लगाव क्षेत्र से बना रहेगा है जिसे नकारा नहीं जा सकता।

### रैली में छोटी सी जीप में चढ़ने परेशान दिखे नेता,दो प्रत्याशी विधानसभा अध्यक्ष के चढ़ते ही भरी नजर आई जीप

*एमसीबी जिले में दो विधानसभाओं के लिए नामांकन रैली के दौरान कांग्रेस पार्टी की तरफ से जो जीप प्रत्याशियों के लिए रैली में मंगवाई गई थी वह काफी छोटी थी,जीप में दो प्रत्याशी सहित विधानसभा अध्यक्ष के चढ़ते ही जगह नहीं बची वहीं अन्य पार्टी नेता जीप में चढ़ने परेशान दिखे। सभी को यह लग रहा था उनकी भी फोटो जीप वाली कैमरे में कैद हो जाए लेकिन वह नहीं हो सका।*

## एक नजर

### चौरहादेवरी का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी-कृष्णकांत चंद्रा

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कृष्णकांत चंद्रा का जनसंपर्क अभियान जोरों शोरों से चल रहा है जिससे जैजैपुर क्षेत्र में भाजपा की लहर दौड़ पड़ी है। हर गांव में भाजपा को अपार्जन समर्थन मिल रहा है। चंद्रा दिनांक 30 अक्टूबर को विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चोरहादेवरी में पहुंचे। जहां कृष्णकांत चंद्रा का समर्थन करने ग्रामवासियों की सैलाब उमड़ पड़ी।भाजपा प्रत्याशी कृष्णकांत चंद्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को गिनाते हुए भाजपा को वोट देने की अपील किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का विधायक अब तक इस क्षेत्र में नहीं बना है इस कारण जैजैपुर क्षेत्र का विकास अवरुद्ध हो गया है। इस बार आप भाजपा का विधायक बनाएं। विधायक बनते भी जितना कम पिछले 15 सालों में हुआ है उससे भी अधिक काम 5 सालों में करेंगे। ग्राम चौरहादेवरी का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। ग्राम की सारी समस्याओं का हल कर विकास की गंगा बहाया जाएगा।

### डरी हुई है कांग्रेस, इसलिए धरातल पर नहीं उनका घोषणा पत्र-ओम माथुर




**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के पहले चरण का मतदान 7 नवंबर हो होना है. वहीं चुनाव में पार्टी की स्थिति और तैयारियों की समीक्षा करने भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर बीजापुर पहुंचे. इस दौरान ओम माथुर ने पत्रकारों से बातचीत की. उन्होंने कांग्रेस की तरफ से चुनावी मंच पर घोषणाओं पर कहा कि भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र छत्तीसगढ़ में जीत दर्ज करने की दिशा में ऐतिहासिक होगा. कांग्रेस डरी हुई है. उनका घोषणा पत्र धरातल पर उतरा नहीं है. वहीं बस्तर की सीटों पर उन्होंने सभी सीटों पर जीत का दावा किया. ओम माथुर विशेष विमान से सुबह बीजापुर पहुंचें. बीजेपी अटल सदन कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद बंद कमरे में भाजपा प्रत्याशी महेश गागड़ा और अन्य प्रमुख पदाधिकारियों के साथ घंटे भर से अधिक उनकी बैठक चली. माना जा रहा है कि बैठक में सीट जीतने अंतिम और महत्वपूर्ण रणनीति पर चर्चा हुई है.

# सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा के सभी प्रेक्षकों ने संयुक्त बैठक ली

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सारंगढ़ विधानसभा-17 के सामान्य प्रेक्षक तापस राय आईएएस बिलाईगढ़ विधानसभा-43 के सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार आईएएस पुलिस प्रेक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा आईपीएस, और व्यय प्रेक्षक, रत्नेश कुमार सिंह आईआरएएस, ने कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी और पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह की उपस्थिति में जिले के निर्वाचन सह नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने जिले के सामान्य जानकारी,निर्वाचन तैयारियों, व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक तापस राय ने कहा कि निर्वाचन के समाप्त होते तक सभी अपने ड्यूटी में सतर्क रहकर कार्य करते रहें। जब निर्वाचन कुशलपूर्वक समाप्त होगा तब चेहरे में स्वत: मुस्कान आएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम द्वय मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टीआर महेश्वरी, बी. एक्का, कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर सहित निर्वाचन के सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# दो अलग अलग मामलों में मध्य प्रदेश की 57 पेटी 511 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी करने के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

तस्करी में प्रयुक्त दो कार पुलिस ने की जप्त




**एमसीबी।** जिले की मनेंद्रगढ़ कोतवाली पुलिस ने दो अलग अलग मामले में मध्य प्रदेश की अवैध अंग्रेज़ी शराब तस्करी करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है तथा तस्करी में प्रयुक्त दो वाहनों को भी जप्त कर लिया है। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज,पुलिस अधीक्षक एमसीबी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एमसीबी, एसडीओपी मनेन्द्रगढ के द्वारा चुनाव आचार संहिता के दौरान अवैध शराब, गांजा, नशीले पदार्थ, जुआ,सट्टा पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।इस बीच रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि कुछ लोग म.प्र. से अंग्रेजी शराब लेकर

मनेन्द्रगढ मे बेचने आ रहे है।सूचना पर गवाहो को नोटिस देकर तसदीक एवं कार्यवाही बावत् थाना तलब किया गया,थाना में मुखबिर पंचनामा तैयार कर गवाह राजेन्द्र मलिक एवं सूरज बंसल को लेकर स्टाफ सहित सिद्धबाबा घाट के नीचे नेशनल हाईवे मार्ग 43 पर आने वाले वाहनों पर कड़ी नजर रखी जा रही थी। सूचना के आधार पर एक बलेनो वाहन क्र. सीजी 13 ए. क्यू.6658 नीले कलर की आते दिखाई दी, जिसे रोककर तलाशी ली गई।

# निर्वाचन आयोग ने किया सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले के मतदान केंद्रों के भवनों स्थल और नाम परिवर्तन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के विधानसभा क्षेत्रों के भवनए स्थल और नाम परिवर्तन के प्रस्तावों को निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदन दिया गया है।**



छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए जिले से सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के 8 भवन परिवर्तन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को प्रस्तावित किया गया था। निर्वाचन आयोग के अनुमोदन उपरांत भवन परिवर्तन में सारंगढ़-17 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक.149 दानसरा.1 क.प्रा.शाला भवन दानसरा को हाईस्कूल दानसरा, मतदान केंद्र क्रमांक-149 दानसरा-2 कमा.शाला भवन को हाईस्कूल दानसरा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-168 सारंगढ़ ग्रामीण प्राथमिक शाला कुशलनगर को आंगनबाड़ी केन्द्र कुशलनगर, मतदान केंद्र क्रमांक.170 प्राथमिक शाला भवन रानीसागर को प्रा. शाला खैरहा एवं मतदान केंद्र क्रमांक.202 प्रा.शा. तेन्दुढार को प्रा.शा. सुरली किया गया है। इसी क्रम में बिलाईगढ़.43 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक.347 शा. प्रा. शाला भवन दुरुग को शा. उच्चतर मा. विद्यालय दुरुग, मतदान केंद्र क्रमांक-226 शा.प्रा. शाला भवन लिमतरी को अतिरिक्त कक्ष प्रा. शाला भवन लिमतरी एवं मतदान केंद्र क्रमांक.11 प्रा. शा. भवन कोटियाडीह को आदर्श शा. प्रा. शाला कोटियाडीह किया गया है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023

# जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों के लिए आज 13 अभ्यर्थियों ने लिए नाम निर्देशन पत्र और 41 अभ्यर्थियों ने जमा किया नामांकन पत्र

जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों के लिए अब तक 56 अभ्यर्थियों ने भरे 113 नामांकन पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



### 31 अक्टूबर को होगी नामांकन पत्रों की संवीक्षा

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के संदर्भ में जिले के सक्तीं चन्द्रपुर और जैजैपुर तीनो विधानसभा क्षेत्रों के लिए आज 30 अक्टूबर को नामांकन की कार्यवाही के अंतिम दिन 13 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र खरीदे और 41 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए। इस प्रकार अब तक जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 56 अभ्यर्थियों ने 113 नामांकन पत्र भरे हैं। दृितीय चरण के लिए नामांकन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को होगी। अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 2 नवंबरॉ मतदान की तिथि 17 नवंबर और प्रथम तथा दृितीय दोनों ही चरणों की मतगणना तिथि 3 दिसंबर निर्धारित है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम व निर्वाचन शाखा प्रभारी लक्ष्मीकांत कोरी द्वारा बताया गया कि आज नामांकन के अंतिम दिन विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 35 सक्ती के लिए 07, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 36 चन्द्रपुर के लिए 02 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 37 जैजैपुर के लिए 04 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए है। इसी प्रकार आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 35 सक्ती के लिए 17, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 36 चन्द्रपुर के लिए 10 और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 37 जैजैपुर के लिए 14 अभ्यर्थियो ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए हैं। इस प्रकार अब तक जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 56 अभ्यर्थियों ने 113 नामांकन पत्र भरे हैं।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, मंगलवार 31 अक्टूबर 2023

# ओपी ने कहा मैरी कमी खोजने से रायगढ़ की समस्याएं हल नहीं होगी

## विजय विश्वास नामांकन रैली के दौरान भूपेश पर गरजे ओपी

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।





विजय संकल्प नामांकन रैली के दौरान भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ के दानवीर सेठ किरोड़ीमल के अवदानो का स्मरण किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी किशोरी मोहन त्रिपाठी को नमन् करते हुए कहा भाजपा प्रवेश करने वाले बलबीर शर्मा जी सहित सभी लोग आज भाजपा के परिवार में शामिल हुए है इस हेतु मैं उनका आभारी हूं। ओपी ने स्वर्गीय रोशन लाल के आशीर्वाद मिलने का जिक्र किया वही पूर्व विधायक विजय अग्रवाल को चाचा बोलकर संबोधित किया। जनता के सपनो का रायगढ़ बनाने का संकल्प दोहराते हुए ओपी ने कहा 15-16 घंटे की पढ़ाई कर कलेक्टर बनना आसान है लेकिन राजनीति में नेता बनाने की शक्ति जनता के हाथो में निहित होती है। आपके हाथो में वोट डालने के रिमोट ने मोदी जी को शक्ति शाली नेता बना दिया । आपके द्वारा दी गई जन शक्ति से पाकिस्तान की हालत क्या हो गई किसी से नही छुपी। जनता के वोटो की ताकत से धारा 370 खत्म हुआ। तीन तलाक जैसी कुप्रथा समाप्त हुई और राम मंदिर के निर्माण का मार्ग जनता से मिली जन शक्ति की वजह से प्रशस्त हो पाया। मुझे नेता बनाने की शक्ति भी आपके हाथो में ही है। रायगढ़ के परिपेक्ष्य में कहा विधायक के कामों पर सरकार को विश्वास नही था हार को देखते हुए कांग्रेस ने टिकट देने में देर की । लेकिन जनता कांग्रेस को हराने का मन बना चुकी है। रायगढ़ का विकास ठहर गया है। भाजपा ने केलो डेम बनाया लेकिन यहां के विधायक मंत्री खेतो में पानी नही पहुंचा सके। भाजपा ने के आई टी इंजीनियरिंग कॉलेज खोल दिया लेकिन आपकी सरकार शिक्षको का वेतन नही दे पाई। स्कूलों की दशा दिशा खराब है लेकिन सुधारने के लिए फंड नही है लेकिन शिक्षा मुफ्त देने का झूठा वादा कर रही है।आप मन के बेटा बनके गांव गली के राजनीति करे बर आए हो। 15 घंटे मेहनत करे सबसे कम उम्र में पहला कलेक्टर बने।छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस सरकार के तरह - तरह के भ्रष्टाचार ले त्रस्त हें। भूपेश हर कांग्रेस के एटीएम बनके सब पैसा ल गांधी परिवार ल देथे। ये सरकार रिचार्ज अऊ टॉप अप के सरकार हे। किसान मन ल धान खरीदी में मोदी जी 2300 रुपये देथे। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े घोटाला गोबर मां होइसे ।

भूपेश बघेल ल आजकल नींद नई परत हे अऊ डेरागे हे कि ओपी हर जीत जाही ओकरे बर तरह - तरह के षड्यंत्र करत हे। भूपेश बघेल ल जवाब देना चाहिए हर बात के।

*केलो डेम निर्माण के काम भाजपा करिस। यदि भाजपा के सरकार बनही त सबो ल पानी मिल जाही। आज कांग्रेस के राज में के आईटी कॉलेज मृतप्राय होगे हे। मेडिकल कॉलेज के हालत भी खराब होगे हे। आज रायगढ़ में रोज एक्सीडेंट होथे। हमर सरकार आते ही रिंग रोड के निर्माण करना है। मैं मंच ले ऐलान करतहं विधायक निधि के सब पैसा अच्छा कार्य में लगाए जाही बुथ कार्यकर्ता मन के सहयोग ले। वहीं लोकतंत्र में रिमेट कंट्रोल जनता के हाथ में रथे। ओपी चौधरी तब आगे बढ़ही जब आप मनके भरपूर सहयोग मिलही।*

*17 तारीख को बटन दबाकर सहयोग करिहा।कलेक्टर मोर मेहनत ले बने लेकिन विधायक तुमन के इच्छा ले बनिहा।.सब झीन मिलके रायगढ़ लैलूंगा धर्मजयगढ़ खरसिया में कमल के फूल ला खिलाहा तवे छत्तीस गढ़ महतारी माफिया राज ले मुक्त हो सकी।*

विधानसभा निर्वाचन 2023

# जनरल ऑब्जर्वर आईएएस राजीव पराशर ने विधान सभा क्रमांक-12 जशपुर के नामांकन कक्ष का किया निरीक्षण

### निर्वाचन कार्य के गतिविधियों की ली जायजा

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर आईएएस राजीव पराशर ने आज कलेक्टोरेट स्थिति विधान सभा क्रमांक.12 जशपुर के नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया और निर्वाचन कार्य के गतिविधियों की जायजा ली। उन्होंने नामांकन से संबंधी जानकारी लेते हुए निर्वाचन कार्यो को गंभीरता से लेते हुए सुचारू रूप से संपादित करने के लिए कहा। इस दौरान रिटर्निंग ऑफि सर एवं जशपुर एसडीएम प्रशांत कुशवाहा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं जशपुर तहसीलदार जयश्री राजन पथे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



विधानसभा निर्वाचन 2023

# जनरल ऑब्जर्वर आईएएस राजीव रंजन ने कुनकुरी एवं पत्थलगांव के नामांकन कक्ष का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर आईएएस राजीव रंजन ने आज कलेक्टोरेट स्थिति विधान सभा क्रमांक-13 कुनकुरी एवं विधान सभा क्रमांक.14 पत्थलगांव नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया और नाम निर्देशन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नॉमिनेशन के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न हो इसे ध्यान में रखते हुए अधीनस्थ अमले को सावधानी बरतने तथा सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने नाम निर्देशन पत्र लेने एवं जमा करने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव प्रत्येक विधानसभा वार कलेक्ट्रेट में नाम निर्देशन कक्ष बनाया गया है। जिसकी आवश्यक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था, नाम निर्देशन की प्रक्रिया एवं ऑनलाइन किए जाने की प्रक्रिया सुचारू रूप से किया जा रहा है। इस दौरान रिटर्निंग ऑफि सर एवं कुनकुरी एसडीएम श्यामा पटेल, रिटर्निंग ऑफि सर एवं पत्थलगांव एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## एक नजर

### चिरायु योजना से उपचार उपरांत सिंगीबहार निवासी मनोज को आवागमन व्यय किया जा चुका है भुगतान

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने समाचार पत्र में प्रकाशित खबर कर्ज लेकर कराया इलाजए सात महीने बाद भी चिरायु योजना से नहीं मिली राशि के संबंध में जानकारी देते हुए बताया है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उक्त समाचार का खण्डन करता है। उन्होंने बताया कि खबर में उल्लेखित सिंगीबहार निवासी मनोज राम के पुत्री के इलाज हेतु दिल्ली आवागमन में व्यय हेतु राशि भुगतान हेतु बिल प्रस्तुत किया गया था। संबंधित के द्वारा प्रस्तुत बिल के देयक का नियमानुसार खण्ड चिकित्सा अधिकारी फरसाबहार के द्वारा 25 अक्टूबर 2023 को भुगतान किया जा चुका है।

विधानसभा निर्वाचन 2023

### तीनों विधानसभा हेतु नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर एवं पुलिस पर्यवेक्षक पहुंचे जशपुर

#### व्यय पर्यवेक्षक के लिए भी 02 पर्यवेक्षक नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जशपुर जिले के तीनों विधानसभाओं के लिए नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर आईएएस राजीव पराशर मोबईल नम्बर 7508716649, आईएएस राजीव रंजन मोबाइल नम्बर 7587016650 एवं पुलिस ऑब्जर्वर आईपीएस डॉ.फ क्कीरप्पा कागिनेल्ली मोबाईल नम्बर 7587016651 जशपुर मुख्यालय पहुंचे। इसी प्रकार व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस यदुवंश यादव मोबाइल नम्बर 6587016520 एवं आईआरएस ज्योतिष के मोबाईल नम्बर 7587016499 नियुक्त किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि विधान सभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिले में 05 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है।

# छत्तीसगढ़ में प्याज की कीमतों में आया उछाल



रायपुर। छत्तीसगढ़ में प्याज की कीमतों ने आम लोगों को रुलाना शुरू कर दिया है। चुनावी सीजन के बीच प्याज की बढ़ती कीमत बड़ा सियासी मुद्दा बन सकता है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में प्याज की खेती नहीं होती है। यहां प्लाज की सप्लाई मुख्य रुप से महाराष्ट्र से होती है। कई बार आवक की कमी या महाराष्ट्र में मौसम खराब होने का भी असर प्याज की कीमतों पर पड़ता है। लेकिन अभी न तो आवक में कोई कमी आई है और न ही महाराष्ट्र में मौसम खराब हुआ है, इसके बावजूद प्याज की कीमत लगातार बढ़ रही है। भनपुरी स्थित रायपुर की सबसे बड़ी आलू-प्याज मंडी में इस महीने की शुरुआत में प्याज का थोक भाव 25 से 27 रुपये प्रति किलो था। वहीं, चिल्हर बाजार में प्याज की कीमत 28 से 30 रुपये प्रति किलो तक थी। सप्ताहभर पहले तक प्याज का थोक भाव 29 से 30 रुपये प्रति किलो था। आज (27 अक्टूबर) को भनपुरी थोक मार्केट में प्याज की कीमत 47 से 40 रुपये प्रति किलो खुला है। ऐसे में चिल्हर बाजार में प्याज की कीमत 45 से 50 रुपये प्रति किलो तक रहने का अनुमान है। कारोबारी सूत्रों के अनुसार प्याज की कीमत अभी और बढ़ेगा, क्योंकि प्याज की कीमतें राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रही है।

थोक कारोबारियों के अनुसार महाराष्ट्र की लासलगांव से पूरे देश की प्याज की कीमत नियंत्रित की जाती है। लासलगांव एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी है। बताया जा रहा है कि लासलागांव थोड़ बाजार में पखवाड़ेभर में प्याज की कीमत 24 रुपये से बढ़कर सीधे 38 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। इसी तरह महाराष्ट्र की दूसरी प्याज मंडियों में भाव 45 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। प्याज कारोबारियों के अनुसार इस सीजन में लगभग हर साल प्याज की कीमतें बढ़ती हैं। प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी अक्टूबर से शुरू होती है जो दिसंबर- जनवरी तक जारी रहती है। दिसंबर में प्याज की नई फसल की आवक शुरू होने के साथ कीमतों में कमी का दौर शुरू होता है। इस बीच केंद्र सरकार ने प्याज की कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए इस पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगा दिया है।

# पांच जुआड़ियान के खिलाफ नवागढ़ पुलिस ने की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़- जांजगीर चांपा।



मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रेड कार्यवाही करते हुये नवागढ़ पुलिस ने पांच आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध जुआ एक्ट एवं छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही किया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये नवागढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश सेंडे ने अरविन्द तिवारी को बताया गत दिवस 29 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिला कि बरदेवा खार गैस एजेंसी के पीछे नवागढ़ में कुछ लोग रूपयें पैसा का दांव लगाकर हार जीत का काट पत्ती नामक जुआ खेल रहें है। मुखबिर की सूचना पर नवागढ़ पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही किया गया मौके पर आरोपी निखिल धीवर, दुर्गेश कश्यप, अजय कश्यप, केदार नाथ साव एवं शौखी लाल कश्यप को जुआ खेलते पाया गया। आरोपियों के कब्जे से जुमला नगदी रकम 5,200 रूपये एवं 52 पत्ती ताश को समक्ष गवाहन के बरामद किया गया।

थाना नवागढ़ में आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 319/23 कायम कर विधिवत गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट एवं छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक कमलेश सेंडे थाना प्रभारी नवागढ़ ए सहायक उपनिरीक्षक रमेश एक्का, आरक्षक बलराम यादव, टुकेश्वर डनसेना, भुनेश्वर पटेल एवं थाना नवागढ़ स्टॉप का सराहनीय योगदान रहा।

### गिरफ्तार आरोपीगण

निखिल धीवर उम्र 21 वर्ष, दुर्गेश कश्यप उम्र 19 वर्ष, अजय कश्यप उम्र 26 वर्ष, केदार नाथ साव उम्र 39 वर्ष एवं शौखी लाल कश्यप उम्र 35 वर्ष सभी निवासी नवागढ़, थाना नवागढ़, जिला जांजगीर चांपा।

# धर्मेंद्र प्रधान के समक्ष कांग्रेस नेता बलबीर शर्मा सहित सैकड़ों लोगो ने जय श्री राम का नारा लगाकर किया भाजपा प्रवेश

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।



रामलीला मैदान में विजय संकल्प विश्वास रैली की सभा में 15 हजार की भीड़ के मध्य मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के समक्ष कांग्रेस के कद्दावर नेता बलबीर शर्मा ने जय श्री राम का नारा लगाते हुए अपने सैकड़ों साथियों के साथ विधिवत भाजपा प्रवेश किया। कांग्रेस के थिंक टैंक माने जाने वाले बलबीर शर्मा का भाजपा प्रवेश कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।बलबीर शर्मा ने नेहरू युवा केंद्र में विगत तीन दशकों तक अपनी सेवाएं दी एवम विभिन्न ग्राम पंचायतों के विकास व युवा बेरोजगारों के स्वरोजगार के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहे। सन् 1984 में भारी वोट से जीतने वाले बलबीर शर्माकॉमर्स कॉलेज में छात्र संघ के लोकप्रिय अध्यक्ष रहे । रायगढ़ के विकास के लिए विभिन्न मुद्दों को लेकर बलबीर शर्मा में लगातार 89 दिनों तक रायगढ़ की जनता के साथ आंदोलन व अनशन किया था। उनके अथक प्रयास से इनकी मांगे रायगढ़ के विकास के लिए मान्य की गई। श्री शर्मा का नाम रायगढ़ बौद्धिक वर्ग में शुमार है। गंभीर और सुलझे व्यक्तित्व के धनी बलबीर शर्मा का भाजपा प्रवेश निश्चित रूप से भाजपा के बढ़ते जनाधार का प्रमाण है। यह बताना लाजमी होगा कि जोगी खेमे के मजबूत कांग्रेस नेता माने जाते है। बलबीर शर्मा के साथ भाजपा प्रवेश करने वालों में नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन संस्थापक अनिरुद्ध गुप्ता, नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन के परमजीत सिंह मोनू भाटिया, सरोजिनी स्वर्णकार, हेम सिंह, मीना साहू,पूर्णिमा दास, राजकुमारी सिंह, उर्मिला साहू, रंजना सिंह, रिंकू चौधरी श्री कांति मिश्रा, प्रीति वंदना गुप्ता, नरेश सिदार दिनेश सिदार धनराज साहू गौरी साव, संतोष सिदार प्रकाश साव प्रमेश सिडार पुरुषोत्तम सिद्धार्थ खगेश्वर यादव मनोज यादव राहुल चौहान सूरजभान चौहान वेद प्रकाश वैष्णव वरुण साहू प्रमोटेदार जनक सिद्धार्थ कमल सिद्धार्थ दो कालू सिदार किशोर सिंह राजपूत, संतोष साव, सुरेंद्र यादव गंगाराम पटेल दुकालू निषाद भागीरथी निषाद शंभू निषाद लक्ष्मी नारायण ओंकार सरोज सिद्धार्थ दीपू साहू सदानंद भोयर बैकुंठ प्रधान रिकी साहू संदीप चौहान रमेश उमेश पंकज अर्जुन सिद्धार्थ गौतम प्रधान परीक्षित शिकार भगवती साव, साकेत सिदार, पूर्णिया मिर्धा कुंती सिद्धार्थ तिलेश्वरी राजपूत अमन गोदिया सुमन सिद्धार्थ सुमन साहब श्रीनाथ चौहान हम कुमार सितार छोटी भोइयार गंगा मिर्धा अर्जुन सिदार प्रताप राजपूत, संकीर्तन यादव अजय सिदार समय श्वास पाल पटेल शिव यादव संतोष कसेरा तुलसी यादव दीपक सूरज प्रदीप गुप्ता रूप चरण सिंह लोचन सिंह दुर्योधन यादव भुवनेश्वर सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

विधानसभा आम निर्वाचन.2023

# पुलिस ऑब्जर्वर आईपीएस डॉ. फक्कीरप्पा कागिनेल्ली ने निर्वाचन शाखा, नामांकन कक्ष, कंट्रोल रूम एवं एमसीएमसी कक्ष का किया निरीक्षण,स्ट्रांग रूम का भी किया निरीक्षण

## निर्वाचन कार्य को प्राथमिकता से करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान सभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर विधानसभा चुनाव को स्वतंत्रए निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु जिले में नियुक्त पुलिस ऑब्जर्वर आईपीएस डॉ. फक्कीरप्पा कागिनेल्ली ने आज निर्वाचन शाखा, नामांकन कक्ष, कंट्रोल रूम एवं एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया और ड्यूटी में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्वाचन कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।







उन्होंने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण कर कामकाज की जानकारी ली। एमसीएमसी कक्ष में ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों को प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया में प्रसारित पैड न्यूज एवं विज्ञापनों पर निरंतर निगरानी करने निर्देश दिए।

पुलिस ऑब्जर्वर आईपीएस डॉ. फक्कीरप्पा कागिनेल्ली ने इस दौरान कंट्रोल रूम का अवलोकन करते हुए कंट्रोल रूम में तैयान कर्मचारियों को फोन समय पर रिसीव करने निर्देश दिया तथा संबंधित अधिकारी को समस्याओं के संबंध में अवगत कराने कहा। इसके पश्चात् उन्होंने मॉडल स्कूल चौड़काचौरा स्थिति स्ट्रांक रूम का निरीक्षण किया एवं सुरक्षा मानकों की जानकारी ली। इस दौरान अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर पी चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

एक नजर

# राजेंद्र नगर से दोपहिया चुराई फिर उसी में सवार होकर पुरानी बस्ती में महिला की चेन लूटी

**रायपुर।** शहर में अपराधी बेखौफ हो गए हैं. आदतन बदमाश ने पहले अपने साथी के साथ मिलकर दोहिपया चुराई. इसके बाद उसी दोपहिया से दूसरी जगह दिनदहाड़े एक महिला के गले से सोने की चेन छीनकर भाग निकले. पुलिस ने दोनों मामले के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.



पुलिस के मुताबिक पुरानी बस्ती के कुशालपुर निवासी रेणु वैष्णव 13 अक्टूबर को अपनी बेटी के साथ जा रही थी. इस दौरान उनकी दोपहिया का पेट्रोल खत्म हो गया. इसके बाद दोनों पैदल ही पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे. इस बीच दोपहिया सवार दो युवक पहुंचे. उनके गले से सोने की चेन छीनकर भाग निकले. पुलिस ने को अपराध दर्ज कर किया. इसके बाद उनकी तलाश शुरू कर दी. सीसीटीवी फुटेज के चलते आरोपियों के दोपहिया वाहन के नंबर प्लेट के जरिए वाहन का पता लगाया गया. पुलिस ने लूट करने वाले अंकित सोनी उर्फ मिक्की और प्रदीप मलिक उर्फ राहुल को गिरफ्तार किया गया. चोरी के बाद लूट। प्रदीप का पुराना अपराधिक रेकार्ड है. इससे पहले भी वह कई मामलों में जेल जा चुका है. पुलिस ने उससे पूछताछ की, तो उसने खुलासा किया कि पहले कलर्स मॉल के सामने से उसने अपने दोस्त सैयद आसिफ अली उर्फ आशु के साथ मिलकर दोपहिया सीजी 04 डीपी 9313 को चुराया. इसके बाद अंकित सोनी के साथ मिलकर उसी शाम महिला के गले से चेन लूटकर भाग निकले थे. दोपहिया चोरी होने की शिकायत राजेंद्र नगर थाने में दर्ज है. प्रदीप चोरी और लूट दोनों में शामिल रहा है. पुलिस ने दोनों मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

# नो पार्किंग व सड़क बाधा उत्पन्न करने वाले वाहन चालकों पर राजहरा पुलिस की

**दल्लीराजहरा** –राजहरा थाना प्रभारी मुकेश सिंह द्वारा विधानसभा चुनाव को देखते हुए नगर में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी ने वाहनों की जांच के साथ ही नो पार्किंग व सड़क बाधा उत्पन्न करने वाले वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस ने दल्लीराजहरा के बीएसपी एमव्हीटी सेंटर के पास सड़क बाधा व नो पार्किंग एरिया में खड़े 11 भारी वाहन चालकों पर कार्रवाई कर उनसे 5 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया है। साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में ट्रैफिक पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है। सड़क बाधा उत्पन्न करने वाले व नो पार्किंग में खड़ी वाहनों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। टी आई मुकेश सिंह एवम् यातायात पुलिस का कहना है कि पुराना बाजार एरिया में नो पार्किंग व यातायात बाधित करने वाले वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की जाएगी।




**यातायात नियमों का पालन कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करे -मुकेश सिंह(टीआई राजहरा)**




# प्रत्याशी, राजनीतिक दल और आम जनता कर सकते है मुलाकात

जोहार छत्तीसगढ़ – धरमजयगढ़।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक - 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पुलिस प्रेक्षक (ऑब्जर्वर) के तौर पर नारायणन टी (IPS) बैच 2011 की नियुक्ति की गई है। पुलिस प्रेक्षक नारायणन टी 29 अक्टूबर (रविवार) को बेमेतरा आ चुके है। प्रेक्षक नारायणन टी (IPS) की ज़िला मुख्यालय स्थित लोक निर्माण विभाग के सर्किट हाउस बेरला रोड में रूकने की व्यवस्था की गई है। नारायणन टी (IPS) प्रत्याशी/राजनीतिक दल और आम जनता से मुलाकात के लिए प्रतिदिन शाम 6:00 बजे से 7:00 बजे (एक घंटा) तक इसी सर्किट हाउस के सभाहाल में उपलब्ध रहेंगे। पुलिस प्रेक्षक नारायणन टी (IPS) का मोबाइल नम्बर 7587016560 है।



# हर प्रत्याशी को चुनाव खर्चों की देनी होगी पूरी जानकारी




**रायपुर।** विधानसभा का चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों को चुनाव के दौरान किए जाने वाले सभी खर्चों का पूरा हिसाब व्यय लेखा प्रेक्षक के समक्ष देना होगा. इसके लिए निर्वाचन के दौरान किए गए सभी खर्चों को व्यय लेखा रजिस्टर में बनाकर निर्धारित तिथि तक निर्वाचन व्यय प्रेक्षक को जमा करना होगा.

अभ्यर्थी द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर को अपना नामांकन जमा करते समय चुनाव के व्यय के लिए अलग से खोले गए बैंक खाते की जानकारी भी दी जाती है. चुनाव में सभी प्रकार के खर्चों के लिए बैंक में खोले गए खाते से ही राशि खर्च करना पड़ता है. इसमें नामांकन की तारीख से परिणाम की घोषणा की तिथि तक किए गए खर्च की जानकारी देनी होती है. चुनाव खर्च के हिसाब को रखने के लिए अलग से खोले गए बैंक खाते में अभ्यर्थी द्वारा स्वयं की राशि अथवा किसी और स्त्रोत से प्राप्त राशि को जमा कर उसी में से खर्च करेगा.

यह बैंक खाता अभ्यर्थी का स्वयं का या अपने एजेंट के साथ संयुक्त रूप से खोला जाता है. अभ्यर्थी को यदि किसी व्यक्ति या फर्म को नकद राशि में भुगतान करना हो तो वह बैंक से राशि निकालकर 20 हजार रुपए तक का नकद भुगतान कर सकता है. इससे ज्यादा की राशि का भुगतान चेक, ड्राफ्ट अथवा आरटीजीएस, एनईएफटी के माध्यम से करना होगा.

# अंधेरे में खड़े ट्रक से टकराया बाइक सवार, मौत

**रायपुर।** रायपुर-बिलासपुर बायपास रोड पर बिना पार्किंग लाइट जलाए खड़े ट्रक से टकराकर गंभीर रूप से घायल वाहन सवार की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। आमानाका थाना पुलिस ने मामले में ट्रक चालक हितेश कुमार के खिलाफ अपराध कायम कर लिया है। आमानाका थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 27 अक्टूबर की रात 7.30 बजे की है। दुर्ग जिले के ग्राम कंडरका, कुम्हारी निवासी हुकूम पाल (18) अपनी दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएच 1625 से बिलासपुर बायपास रोड से टाटीबंध चौक की ओर आ रहा था। वीरा दा ढाबा के सामने बिना पार्किंग लाइट जलाए खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 08 एए 9399 को अंधेरा होने के कारण वह देख नहीं सका और सीधे ट्रक से बाइक जा टकराई। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुकुम पाल की एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मामले में ट्रक चालक हितेश कुमार के खिलाफ धारा 283, 304 ए का अपराध कायम कर लिया है।




# ऑनलाइन सट्टा मामले में बड़ी कार्रवाई, 6 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** महादेव बुक मामले में ईडी लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में रायपुर पुलिस ने आधा दर्जन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## मामला आज़ाद चौक थाने का हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर पुलिस ने महादेव बुक मामले में आधा दर्जन सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें मुख्य आरोपी देवेश सिंह चौहान भी शामिल है। ये सभी आरोपी भिलाई-दुर्ग के रहने वाले हैं। आरोपी फेक बैंक अकाउंट बनाकर पैसों का लेनदेन करते थे। पुलिस ने इनके खिलाफ धोखाधड़ी, साजिश रचने और जुआ-सट्टा एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।



# सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा के लिए 13-13 अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किया

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टोरेट सारंगढ़ में सारंगढ़ विधानसभा.17 और बिलाईगढ़ विधानसभा.43 के लिए 13-13 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किया।



सारंगढ़ विधानसभा के अभ्यर्थी में नारायण रत्नाकर, उत्तरी जांगड़े, धनका निराला, शिवकुमारी सारधन चौहान, अजय कुर्रे, ललिता बघेल, रामकुमार अजगल्ले, देव कोशले मधुलाल सारथी, छबीलाल रात्रे, मनोज कुमार लहरे, शैलकुमार अजगल्ले, मनीन्दर निराला शामिल हैं। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा के अभ्यर्थियों में श्याम टंडन, संतोष सोनवानी,दिनेश जांगड़े, कविता प्राण लहरे,बुधराम रात्रे, रामेश्वर सोनवानी, फु लकुमारी जांगड़े, दादूराम प्रेमी, कपिल कुमार खटकर, ब्रम्हानंद मारकंडे, रेवालाल कुर्रे अशोक कुमार धृतलहरे और आंचल निराला शामिल हैं।

# पट्टे की जमीन बिक्री कर धोखाधड़ी कर फरार आरोपी को रतनपुर पुलिस किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़ – रतनपुर।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी सौरभ कुमार चंदेल निवासी बंधवापारा थाना सरकण्डा जिला बिलासपुर का थाना रतनपुर आकर् लिखित आवेदन पेश किया जिस पर खसरा न0 1/1/क/42 का रकबा डेढ़ एकड भूमि स्वामी रामकुमार सिंह ठाकुर एवं खसरा न0 1/1/क/43 रकबा 02 एकड़ भूमि स्वामी बलराम एवं चन्द्रिका वगैरह जो ग्राम नवापारा बारीडीह में स्थित को दिखाये, और जमीन का सौदा क्रमश डेढ़ एकड़ का जमीन 06 लाख रूपये में एवं 02 एकड़ जमीन 10 लाख रूपये में तय हुआ। जिसका आरोपीगण के द्वारा बिकय पत्र मय इकरारनामा रविश चंदेल के नाम सम्पूर्ण राशि दोनो जमीन के 16 लाख रुपये गवाहो के समक्ष नगद दो स्टाम्प पेपर में निष्पादित किये थे, आरोपीगणों द्वारा नगद भुगतान करने हेतु क्रेता को बाध्य किये इसलिए प्रार्थी द्वारा नगद राशि का भुगतान किया गया। बाद मे प्रार्थी को पता चला की उपरोक्त दोनो भूमि शासन के द्वारा दिये गये पटटे की जमीन है। जिसकी जानकारी आरोपियों द्वारा छुपाना पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध धोखाधडी करना पाये जाने से थाना रतनपुर धारा 420,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। बलराम प्रसाद दुबे, चंद्रिका प्रसाद दुबे को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। तथा एक अन्य आरोपी रामकुमार सिंह दिनॉंक घटना से फरार था। जिसे थाना प्रभारी रतनपुर के द्वारा टीम गठित कर आरोपी के घर आने पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पुछताछ पर पता चला कि उक्त जमीन आरोपी के नाम तथा कुछ जमीन बलराम प्रसाद दुबे, चंद्रिका प्रसाद दुबे के माँ जानकी बाई के नाम है। जिसे पूर्व मे भी आरोपियों के माँ के द्वारा जगमोहन मौर्य के साथ बिकी हेतू इकरारनामा किया था, जिसमे गवाह के रूप मे आरोपी ने हस्ताक्षर किया था। उक्त भूमि शासन के पटटे की हैं जिसकी ब्रिकी नही होने के कारण प्रार्थी से धोखाधडी कर लिये गये रकम को आरोपिगणों के द्वारा अपने मकान बनवाने मे व खेत गिरवी को छोडवाने व खा पीकर खर्च कर देना बताया। आरोपी के विरूद्ध 420,34 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी रामकुमार सिंह ठाकुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in